# CHATRAPATI SAHUJI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

(Formerly Kanpur University, Kanpur)

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)



38th Convocation

28th September 2023

38वाँ दीक्षांत समारोह

28 सितंबर 2023

# ANNUAL REPORT

# वार्षिक प्रतिवेदन

# 2023

Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University
Kalyanpur, Kanpur
Uttar Pradesh, India-208024

# कुलगीत

हे ज्ञान-गंगा स्थली सुहानी, तुम्हारी जय हो,  तुम्हारी जय हो।।
उद्योग-लक्ष्मी की राजधानी, तुम्हारी जय हो, तुम्हारी जय हो।।

तू पीठ है बाल्मीकि गुरू की, तू तान है आदि कवि के सुर की
तुम्ही में लवकुश की है कहानी, तुम्हारी जय हो, तुम्हारी जय हो।।

स्वतंत्रता के प्रथम समर की,या क्रांति की उस नई लहर की
तुम्हारी कण-कण में वह निशानी, तुम्हारी जय हो, तुम्हारी जय हो।।

तुम्ही से प्रकटी 'प्रताप-लहरी' तुम्ही ने दी 'पूर्ण' को गूँज गहरी
हुए जो 'भूषण' से स्वाभिमानी, तुम्हारी जय हो, तुम्हारी जय हो।।

'त्रिशूल' की काव्य-धार तीखी, यह कर्म भूमि 'गणेश जी' की
'नवीन', 'हसरत' की गूँजी वाणी, तुम्हारी जय हो, तुम्हारी जय हो।।

तमाम कालेज तेरी शिरायें, जहाँ पढें छात्र-छात्राएँ
पढायें गुरूजन महान ज्ञानी, तुम्हारी जय हो, तुम्हारी जय हो।।

ये आई0ई0टी0, ये एम0बी0ए0 है, जहाँ जले ज्ञान के दिये हैं
समाज विज्ञानी जीव-ज्ञानी, तुम्हारी जय हो, तुम्हारी जय हो।।

है भक्त वत्सल स्वरूप साजे, सरस्वती माँ यहाँ विराजे
हे श्वेतवर्णी हे वीणा-पाणी, तुम्हारी जय हो, तुम्हारी जय हो।।

तुम्हारे मंदिर के सब पुजारी, कि कुलसचिव हों या कर्मचारी
स्वधर्म-रत, निर्भय, निरभिमानी, तुम्हारी जय हो, तुम्हारी जय हो।।

गरीब हो या हो बेसहारा, सभी ने पाया यहाँ किनारा
तुम्हें न भाये मगर गुमानी, तुम्हारी जय हो, तुम्हारी जय हो।।

ये देखो सूरज निकल रहा है, कमल भी जल में मचल रहा है
"आरोह तमसो ज्योतिः" निशानी, तुम्हारी जय हो, तुम्हारी जय हो।।

आनंदीबेन पटेल
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश



सत्यमेव जयते

राज भवन
लखनऊ - 226 027

14 सितम्बर, 2023

## सन्देश

मुझे यह जानकर अतीव प्रसन्नता हुई कि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा दिनांक 28 सितम्बर, 2023 को आयोजित अपने 38वें दीक्षान्त समारोह के अवसर पर एक दीक्षान्त पुस्तिका का प्रकाशन किया जा रहा है।

दीक्षान्त समारोह का आयोजन किसी भी विश्वविद्यालय से उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं चिरस्मरणीय क्षण होता है। मुझे विश्वास है कि नव उपाधि प्राप्तकर्ता छात्र अपने संस्थान का मान बढ़ाते हुए यहां से प्राप्त शिक्षा के माध्यम से सामाजिक अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

दीक्षान्त पुस्तिका के सफल प्रकाशन के लिये मैं अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करती हूँ।

( आनंदीबेन पटेल )

दूरभाष : 0522 2236497 फैक्स : 0522-2239488 ईमेल : hgovup@gov.in वेबसाइट : www.upgovernor.gov.in

योगी आदित्यनाथ

मुख्य मंत्री
उत्तर प्रदेश

लोक भवन,
लखनऊ - 226001

दिनांक : 20 SEP 2023

## संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है कि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर का 38वां दीक्षान्त समारोह दिनांक 28 सितम्बर, 2023 को आयोजित किया जा रहा है।

छात्र–छात्राओं को उत्कृष्ट उच्च शिक्षा उपलब्ध कराकर छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर सुदृढ़ समाज व राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुझे विश्वास है कि संस्थान के छात्र–छात्राएं अपनी शिक्षा–दीक्षा से स्वयं को आत्मनिर्भर व जिम्मेदार नागरिक बनाते हुए राष्ट्र हित में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए समर्पित रहेंगे।

दीक्षान्त समारोह प्राचीन समावर्तन संस्कार का ही परिष्कृत रूप है। स्वावलम्बन एवं समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होने के लिए छात्र–छात्राओं का दीक्षित होना आवश्यक है। इसके दृष्टिगत प्रत्येक विद्यार्थी के लिए दीक्षान्त–संकल्प उसका सर्वोत्तम क्षण होता है।

दीक्षान्त समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले समस्त छात्र–छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए मैं आशा करता हूँ कि यह विद्यार्थीगण सफलता के उच्चतम शिखर पर पहुंचकर प्रदेश व देश का गौरव बढ़ाएंगे।

दीक्षान्त समारोह के सफल आयोजन हेतु मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

( योगी आदित्यनाथ )

योगेन्द्र उपाध्याय
मंत्री
उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी,
इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग

मंत्री
उत्तर प्रदेश

कक्ष सं0–63बी/डी, मुख्य भवन
विधान भवन, लखनऊ।
दूरभाष– 2238051(कार्या0)

दिनाँक– 13.09.23



## संदेश

यह अत्यन्त गौरव का क्षण है जब छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन मार्गदर्शिका का प्रकाशन किया जा रहा है। मेरा विश्वास है कि यह मार्गदर्शिका राष्ट्रीय शिक्षा नीति की गौरवमयी यात्रा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आपके इस नवाचार से प्रेरित होकर देश के अन्य विश्वविद्यालय भी इसका अनुसरण करेगें।

यह मार्गदर्शिका शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को क्रियान्वयन के समस्त पक्षों पर व्यापक जानकारी देने में समक्ष होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन सलाहकार समिति को इस महत्वपूर्ण कार्य को संपादित करने हेतु बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएँ।

**(योगेन्द्र उपाध्याय)**

प्रो0 विनय कुमार पाठक
कुलपति
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर–208024

**रजनी तिवारी**
राज्य मंत्री
उच्च शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश

कार्या. : जी-2/3, तृतीय तल, बापू भवन,
उत्तर प्रदेश सचिवालय, लखनऊ
दूरभाष कार्यालय : 0522-2238980
सी. एच. : 0522-2214808



## शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा दिनांक 28 सितम्बर, 2023 को 38वाँ दीक्षान्त समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर अपने छात्र–छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण, व्यावहारिक एवं तकनीकी शिक्षा प्रदान करने तथा उत्तम नागरिक बनाने हेतु सतत् प्रयत्नशील है। यहां से उपाधि प्राप्त छात्र–छात्राएँ न केवल अपने प्रदेश का अपितु देश का भी नाम रोशन कर रहे हैं।

मैं दीक्षान्त समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले समस्त छात्र–छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ और आवाह्न करती हूँ कि वह सम्पूर्ण ऊर्जा, विवेक और लगनशीलता से अपनी सेवायें प्रदान कर प्रदेश एवं देश का नाम उज्ज्वल करें और देश का गौरव बढ़ाने में अपना बहुमूल्य योगदान दें।

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा आयोजित दीक्षान्त समारोह के सफल आयोजन हेतु मेरी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

**(रजनी तिवारी)**
राज्यमंत्री,
उच्च शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ।

आवास : 1- डालीबाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
दूरभाष : 0522-2205445

कैम्प कार्यालय : हरदोई, उत्तर प्रदेश
दूरभाष : 05852-222100

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर - 208024
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur - 208024
(Formerly Kanpur University, Kanpur)

प्रो. विनय कुमार पाठक
कुलपति
Prof. Vinay Kumar Pathak
Vice Chancellor

23 सितम्बर, 2023



## सन्देश

भारत में उच्च शिक्षा प्रणाली मानवीय सोच, बुद्धिमत्ता एवं कार्य क्षमता को परिष्कृत करने का कार्य कर रही है एवं यहाँ स्थित उच्च शिक्षण संस्थान समाज को बदलते परिवेश में एक नवीन दिशा प्रदान कर रहे है। इसी क्रम में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर सामाजिक चिंतन एवं रूपान्तरण हेतु महत्वपूर्ण कारक के रूप में कार्य कर रहा है। विश्वविद्यालय ने इस वर्ष भी अनेक सुधारों और योजनाओं को कार्यान्वित करने का प्रयास किया है जिससे भावी पीढ़ी को लक्ष्य के अनुसार मानसिक एवं आर्थिक रूप से तैयार किया जा सके। वैश्विक मानकों पर स्वयं को स्थापित करने हेतु विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपयोग होने वाले ज्ञान, कौशल, शोध एवं नवाचार को बढ़ावा दे रहा है और इसके लिए उत्तम छात्र केंद्रित शिक्षा प्रणाली का निर्माण करने का प्रयास कर रहा है। प्रौद्योगिकी के उचित प्रयोग के द्वारा विश्वविद्यालय ने अपनी विकास की गति को स्थिरता और निरंतरता प्रदान की है। पूर्व वर्ष की भाँति इस वर्ष भी विश्वविद्यालय ने अपने सुदृढ़ बुनियादी ढाँचे, विभागों, नए पाठ्यक्रमों और कार्यक्रमों के माध्यम से अभूतपूर्व विकास एवं उल्लेखनीय प्रगति की है। विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्व महाविद्यालयों ने अपनी वर्तमान कार्य प्रणाली में समयानुसार विभिन्न परिवर्तनों एवं नये प्रयोगों को बढावा दिया है। सुधारों की गति को बनाये रखना आने वाले समय में विश्वविद्यालय के लिए महत्वपूर्ण होगा ।

विश्वविद्यालय प्रत्येक हितग्राही के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, हमारा अस्तित्व हमारे छात्रों से है और भारत का उज्जवल भविष्य हमारे छात्रों के हाथों में है। विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर मैं सभी उपाधि प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देता हूँ एवं उनके आगामी जीवन में सफलता की कामना करता हूँ।

Vinay Kumar pathak

(प्रो0 विनय कुमार पाठक)
कुलपति

कार्यालय/Office : +91-512-2581280
फैक्स/Fax : +91-512-2581280
ई.मेल/E-mail : vcocsjmu@gmail.com
वेबसाईट/Website : www.csjmu.ac.in

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Kanpur University, Kanpur)
कल्याणपुर, कानपुर-208024 (उ०प्र०)
Kalyanpur, Kanpur-208024 (U.P.)

प्रो० सुधीर कुमार अवस्थी
प्रति-कुलपति

Prof. Sudhir Kumar Awasthi
Pro Vice Chancellor

दिनांक : 22–09–2023



# सन्देश

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के 38वें दीक्षांत समारोह पर पिछले छह माह में किए गए कार्यों का पुनरावलोकन एक सुखद अनुभव है इस अवधि में विश्वविद्यालय ने सभी क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है और अकादमिक तथा शिक्षणेत्तर कार्यों में सराहनीय कार्य किया है तथा विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के कल्याण के लिए भी अभूतपूर्व प्रयास किए गए हैं। इसरो द्वारा सफलतापूर्वक प्रक्षेपित चंद्रयान–3 की सफलता में इस विश्वविद्यालय के चारों पूर्व छात्रों ने अपना अमूल्य योगदान देकर न केवल अपने प्रदेश की बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित किया है जिसके लिए यूआईईटी के समस्त शिक्षकों और स्टॉफ की सराहना की जानी चाहिए। वैश्वीकरण के इस युग में जब प्रौद्योगिकी और तकनीकी उच्च शिक्षा में अपने प्रभाव का विस्तार कर रहे हैं इस विश्वविद्यालय ने पठन–पाठन में प्रौद्योगिकी के प्रयोग को हर संभव प्रोत्साहन दिया है सभी कक्षाएं स्मार्ट बोर्ड पर हो रही हैं और छात्र–छात्राओं के लिए सभी कार्य पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी तरीके से किए जा रहे हैं। स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज एवं बायोटेक्नोलॉजी में उच्चस्तरीय शोध प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया है जिससे गुणवत्तापूर्ण शोध का समवेत मिलेंगे। इस विश्वविद्यालय ने विदेशों के कई प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों से एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित करवाए हैं और इस प्रकार वैश्विक स्तर पर इस विश्वविद्यालय को प्रस्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। भारतीय ज्ञान परंपरा को संरक्षित और संवर्धित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। सभी पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान परंपरा को समाविष्ट किया गया है। दीनदयाल शोध केंद्र के अंतर्गत ज्योतिर्विज्ञान और कर्मकांड के पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं जहाँ भारत की प्राच्य विधाओं को सशक्त किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण, जल संचयन और संरक्षण तथा सेवा प्रकल्पों के माध्यम से निर्धन तथा वंचित वर्ग को मुख्यधारा में लाकर उनके उन्नयन का सफल प्रयास किया गया है।

मुझे विश्वास है कि विश्वविद्यालय निकट भविष्य में अपनी शैक्षणिक गतिविधियों, आधारभूत सुविधाओं, कंप्यूटरीकरण और सेवा प्रकल्पों के माध्यम से इस प्रदेश में और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त करेगा।

प्रो०(सुधीर कुमार अवस्थी)
प्रति–कुलपति

E-mail: registrar@csjmu.ac.in
registrarcsjmuknp@gmail.com

☎🖷: 0512-2580044
☎🖷: 0512-2582251

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University Kanpur-208024)



**Dr Anil Kumar Yadav**
Registrar

**Registrar Office**
**Dated- 25-09-2023**

## MESSAGE

On the occasion of the 38th convocation of the Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur. I take this opportunity to congratulate the young graduates and their parents. I also appreciate the efforts of dedicated faculty and staff members who are committed to produce professionally empowered young graduates.

In this global era of Data Science and Artificial Intelligence, Youngesters have an equal role in a country's growth and development. I am confidant that young graduates of C.S.J.M. University, Kanpur will exhibit distinct and ethical performance in the professional world and contribute to society's progress.Here, I would like to remind my dear students about a famous saying

**"YOU EDUCATE A MAN, YOU EDUCATE A MAN. YOU EDUCATE A WOMAN, YOU EDUCATE A GENERATION."**

The University is equipped with the state of the art Learning Resource Centre to support the learning and research activities of students and faculty. The renovated infrastructure, the qualified and experienced faculty members, latest equipments, instruments, Hi-end computers, teaching aids, multimedia, wi-fi connectivity required for modern day teaching create an edge over other universities. The hostel, the common room equipped with fitness equipments, yoga facility,open gym and indoor games, a guest house, the dispensary and banking facility conjure up a spell of being the most ideal campus. Our university has always been a placement/ job utopia for our students. There has been an unprecedented boom in the visiting list of companies. Many of our students have been placed in renowned National and Multinational companies. We hope to retain and revitalize the placement hub. With that note, I extend my best wishes to the students of the University and I envisage a very promising and successful professional career for you. I also believe that the knowledge achieved during the academic stay will be used in the right direction, and all the students will positively contribute to our society's development.

Once again I bless all the young graduates and wish them success in their future endeavours.

**Dr. (Anil Kumar Yadav)**
Registrar

messege 25-09-202320

# विषय सूची


विश्वविद्यालय एक नजर में ........ 2
झलकियाँ 2023 ........ 3
शैक्षणिक उपलब्धियाँ ........ 8
राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ........ 11
नवीन पाठ्यक्रम 2023–24 ........ 12
कौशल विकास/व्यावसायिक पाठ्यक्रम ........ 13
विश्वविद्यालय सहयोग और एम.ओ.यू. ........ 15
अंतर्राष्ट्रीय संबंध एवं शैक्षणिक सहयोग ........ 16
संगोष्ठी एवं कार्यशालायें ........ 17
उपलब्धियाँ–संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी ........ 19
शोध और विकास पहल ........ 21
भौतिक संसाधन एवं प्रशासन ........ 24
छात्र केंद्रित पाठ्यसहगामी गतिविधियाँ एवं पूर्व छात्र प्रकोष्ठ का योगदान ........ 25
परिसर छात्र परिषद एवं छात्रावास प्रबंधन ........ 29
आँगनवाड़ी सहभागिता एवं महिला कल्याण कार्यक्रम ........ 31
सांस्कृतिक कार्यक्रम ........ 32
खेल गतिविधियाँ ........ 35
छात्र जागरुकता कार्यक्रम एवं पूर्व छात्रों का महत्वपूर्ण योगदान ........ 36
नवाचार एवं उद्यमिता प्रकोष्ठ ........ 37
प्रसार गतिविधियाँ और सामुदायिक सशक्तिकरण ........ 41
दीन दयाल शोध केंद्र ........ 45
विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र ........ 46
टी बी उन्मूलन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की सहभागिता ........ 48
प्रशिक्षण और प्लेसमेंट सेवाएं ........ 50
महाविद्यालय विकास परिषद ........ 51
छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के महत्वपूर्ण कार्यक्रम ........ 64
छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय खबरों में ........ 70

# मिशन

सार्वभौमिक विकास और सामाजिक परिवर्तन के लिए भावी नेताओं और परिवर्तन एजेंटों का पोषण करके मानवता को प्रबुद्ध और सशक्त बनाना।

# उद्देश्य

शिक्षा के वैश्विक मानकों, प्रौद्योगिकी केंद्रित शिक्षा, मजबूत अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र, संस्थागत विशिष्टता और सामंजस्यपूर्ण सामाजिक विविधता में स्थायी उत्कृष्टता की दिशा में काम करना।

# विश्वविद्यालय के लक्ष्य

- शिक्षण–अनुसंधान और मानवीय मूल्यों पर ध्यान केंद्रित करना
- छात्रों को पर्याप्त अवसर प्रदान करके बहु–विषयक शिक्षा को प्रोत्साहित करना
- समाज के सामाजिक रूप से वंचित वर्गों को शिक्षा और सीखने का अवसर प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना
- देश में सक्षम और जागरूक नागरिक के रूप में छात्रों को तैयार करने में योगदान देना
- छात्रों में जीवनपर्यन्त सीखने की भावना पैदा करके पाठ्येतर गतिविधियों को बढ़ावा देना
- छात्रों में बहुलता की समझ पैदा करते हुए समावेशी शिक्षा प्रदान करना
- समसामयिक पर्यावरणीय मुद्दों को संबोधित करके एक स्थायी भविष्य की दिशा में काम करना

# विश्वविद्यालय एक नजर में

| | |
|---|---|
| Year of Establishment | 1966 |
| Status | State University, established under section 2f and 12B of UGC act 1956 |
| Reach | 7 districts (Kanpur Nagar, Kanpur Dehat,Unnao, Kannauj, Auraiyya, Etawah & Farrukhabad |
| Government Colleges | 11 |
| Aided Colleges | 42 |
| Constituent Colleges | 2 |
| No. of SFS Colleges | 547 |
| Website | www.csjmu.ac.in |

# झलकियां २०२३

- ❖ राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक स्तर पर औद्योगिक एवं सामाजिक रूप से प्रासंगिक शैक्षणिक कार्यक्रमों का आरंभ किया, और मूल्य सम्वर्धित पाठ्यक्रम संचालित किए गए।
- ❖ दिनांक 08 एवं 09 जुलाई 2023 को उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण विशिष्ट उद्धेश्यों को प्राप्त करने हेतु विशाल शिक्षा मंथन कार्यक्रम हुआ
- ❖ जीएसवी सेंट्रल लाइब्रेरी में महामंडलेश्वर स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज द्वारा लाइब्रेरी में पवित्र पुस्तक ''श्रीमद्भगवत गीता'' रखी गई।
- ❖ विश्वविद्यालय के कई छात्रों ने नेट (यूजीसी/सीएसआईआर)/जीपीएटी/सीटीईटी जैसी परीक्षाएं उत्तीर्ण कर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। 45 छात्रों ने GATE 2023 में अर्हता प्राप्त की जिसमे से तीन छात्रों को 100 से कम रैंक प्राप्त हुई
- ❖ केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ मे सीनियर स्टेट बॉक्सिंग (महिला) भार वर्ग 48–50 किग्रा में छत्रपति शाहू जी महाराज कानपुर विश्वविद्यालय की छात्रा मानसी शर्मा ने अद्भुत, अविस्मर्णीय प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर कानपुर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया।
- ❖ दिनांक 8 सितंबर 2023 को स्कूल आफ साइंसेस और प्यूर्टो रिको विश्वविद्यालय, यूएसए के मध्य समझौते पर हस्ताक्षर हुए।
- ❖ विद्या वाचस्पति (Ph-D-) के कोर्स वर्क के सभी विषयों के पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान परम्परा के सैद्धांतिक परिप्रेक्ष्यों को आधार बनाया गया है तथा प्रथक रूप से, 3 क्रेडिट का पाठ्यक्रम के रूप में सार्वभौमिक मानव मूल्यों (Universal Human Values) को सम्मिलित किया गया ।
- ❖ विश्वविद्यालय की अनुसंधान क्षमता को बढ़ाने के लिएए 17 अगस्त 2023 को सीएसजेएमयू में हर गोबिंद खुराना जीवन विज्ञान अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन किया गया।
- ❖ कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने यूनिवर्सिटी के वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई आडिटोरियम में हुए पं रामबालक मिश्र स्मृति समारोह के प्रोग्राम में सम्मानित किया।
- ❖ जिला प्रशासन कानपुर के सहयोग से संस्कृति विभाग, पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश एवं छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के संयुक्त तत्वाधान में 27 एवं 28 मार्च 2023 को रामायण कॉन्क्लेव आयोजित हुआ।
- ❖ मेरी माटी मेरा देश के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक संस्थानों और राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई 05 द्वारा दिनांक 11 अगस्त 2023 को पौधारोपण किया गया।
- ❖ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाइयों के स्वयंसेवकों और कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले सात जिलों के 77 गाँवों एवं 19 बस्तियों में योगात्सव कार्यक्रम का आयोजन किया।

# प्रस्तावना

आजादी के पश्चात भारत में हर क्षेत्र की तरह शिक्षा के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी परिवर्तन देखा गया है। शिक्षा के माध्यम से समाज का बौद्धिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक विकास संभव हो पाया है एवं व्यक्ति विशेष के दृष्टिकोण में व्यापकता लाने के साथ साथ आर्थिक समृद्धि में भी भारत की शिक्षा प्रणाली ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। शिक्षा के प्रसार में वृद्धि के साथ साथ शिक्षा के स्तर में उन्नयन करके भारत में राष्ट्रीय विकास की दर को बढ़ावा दिया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से शिक्षा को सभी हितधारकों के लिए सुलभ, समावेशी, समता पूर्ण एवं रचनात्मक बनाए जाने पर विशेष बल दिया गया है। भारत में इसके कार्यान्वयन हेतु विश्वविद्यालयों द्वारा कार्य योजनाएं तय करते हुए अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा दिया गया है। देश के अन्य विश्वविद्यालयों की भाँति छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय ने भी शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं एवं पिछले कुछ वर्षों में कौशल वृद्धि, नवाचार ऊष्मायन एवं उद्यमिता विकास पर अतिरिक्त बल देते हुए उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक समाज में छात्रों को उच्च स्तरीय शैक्षणिक उपलब्धि प्राप्त कराने में विश्वविद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। SDG चार में निहित उद्देश्यों के अनुपालन में विश्वविद्यालय युवाओं को तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण के अधिक से अधिक अवसर प्रदान कर रहा है एवं सतत् विकास के लिए उचित वातावरण तैयार कर रहा है।



इस वर्ष विश्वविद्यालय ने विशेष रूप से बुनियादी ढांचे के विकास, मानव संसाधन प्रबंधन, शैक्षणिक एवं प्रशासनिक सुधार के अतिरिक्त छात्र प्लेसमेंट और सामुदायिक जुड़ाव के क्षेत्र में विशेष उपलब्धियां हासिल की हैं। बदलते तकनीकी परिदृश्य एवं वैश्विक गतिशीलता को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय ने मजबूत विकास पथ तैयार किया है जिससे उच्च शिक्षा में पंजीकृत छात्रों की संख्या में वृद्धि देखी गई है। साथ ही इंटर्नशिप एवं उद्योग सहयोग पर आधारित शिक्षा को महत्व दिया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक छात्रों को रोजगार के योग्य बनाया गया है। उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करते हुए छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय समाज के विकास, आर्थिक प्रगति एवं व्यक्तिगत सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।



युवाओं को मेरा संदेश है कि कुछ अलग तरीके से सोचें, कुछ नया करने का प्रयत्न करें, हमेशा अपना रास्ता खुद बनाएं और असंभव को हासिल करें।


—डॉ० ए० पी० जे० अब्दुल कलाम

# University Authorities

## Hon'ble Chancellor & Governor, Uttar Pradesh
## Smt. Anandiben Patel

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Vice Chancellor** | | **Prof. Vinay Kumar Pathak** | |
| **Pro-Vice Chancellor** | | Prof. Sudhir Kumar Awasthi | |
| Registrar<br>**Dr. Anil Kumar Yadav** | Controller of Examination<br>**Shri Rakesh Kumar** | Finance Officer<br>**Mr. Ashok Kumar Tripathi** | **Director, IQAC**<br>**Prof. Sandeep Kumar Singh** |
| **Functional Deans** | Academics | Prof. Rolee Sharma | |
| | Administration | Prof. Sudhanshu Pandiya | |
| | Student Welfare | Prof. Neeraj Singh | |
| | R& D | Dr. Anuradha Kalani | |
| | Project and Consultancy | Prof. Anshu Yadav | |
| | Affiliation | Prof. Nandlal | |
| | Innovation | Dr. Shilpa Kaistha | |
| **Deans of Faculties** | Life Science | Prof. Sudhir Kumar Awasthi | |
| | Business Mgmt. | Prof. Sudhanshu Pandiya | |
| | School of Engg. And Tech. | Dr. Brishti Mitra | |
| | Commerce | Prof. Smt. Shipra V. Srivastava | |
| | Agriculture | Prof. Ashok Kumar Pandey | |
| | Arts | Smt. Sufia Shahab | |
| | Science | Prof. S.K. Srivastava | |
| | Education | Prof. Poonam Sarabhai | |
| | Medical | Prof. Sanjay Kala | |
| | Adv.Stu.in Social Sciences | Prof. Sandeep Singh | |
| | Law | Prof. Vinod Shanker Tripathi | |
| **Directors, Campus Schools of Study** | School Of Languages | Dr. Ankit Trivedi | |
| | School Of Business Management | Prof. Anshu Yadav | |
| | School of Engg. And Tech. | Dr. Brishti Mitra | |
| | School of Basic Science | Prof. R.K Dwivedi | |
| | School Of Life Science and Biotechnology | Prof. Varsha Gupta | |
| | Atal Bihari School of Legal Studies | Dr. Shashi Kant Tripathi | |
| | School of Teacher Education | Dr. Rashmi Gore | |
| | School of Creative & Performing Arts | Dr. Rajkumar Singh | |
| | School of Hotel Management | Mr Shivanshu Sachan | |
| | School of Arts, Humanities & Social Sciences | Dr. Prashant | |
| | School of Health Sciences | Dr. Digvijay Sharma | |
| | School of Pharmaceutical Sciences | Dr. Shashi Kiran Mishra | |
| | School of Advanced Agriculture Sciences & Technology | Dr. Soni Gupta | |
| | Deen Dayal Shodh Kendra | Prof. Sudhir Kumar Awasthi | |
| **Director** | College Development Council | Prof. R.K Dwivedi | |

# ऑर्गेनोग्राम


Chancellor
Vice-Chancellor
Pro-Vice-Chancellor
Registrar
Finance Officer
CoE
Library & PMU
Director IQAC
AR
Account Officer
All annual/ semester examination and result related work, challenge evaluation, U.F.M.
Purchasing books/ audio-visual material/ subscription of physical/ virtual journals & database, maintaining archives & records, designing and implementing ERP, E-Governance and E-maintenance, E-office & E-filing System
Deans
RAC appointments, Personal File Service Books, Leave Records, Any other HR related issues/Paper work
General Administration
Finance/ Accounts/ Audit/ Pay Fixation
Functional Deans
Deans of Faculties
ITR, IGRS, Vishakha Cell, All correspondence with Governor House, GST All other legal matters and compliances
Legal Cell
Academic
Admin
Verification, Logistics & Distribution of degrees, diploma & certificates, student grievances (related with degrees) & other student facilities
Students Support Cell
DSW
Affiliation Admissions (U.G. & P.G.) Academic (U.G. & P.G.)
Affiliation
Affiliation
Store Inventory Management, Verification and Accounting
Central Store
CPAIR
All purchasing including purchasing from GEM Portal
Purchase
R & D
Land Records, Civil, Electrical, E-maintenance, Horticulture, AC & Water Supply
Estate Office
CDC
Media Cell
Internal Security, Anti-ragging, Students discipline, ID Cards etc.
Proctorial Board

# छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

आज शिक्षा अपने अनेक रूपों और संस्थाओं के साथ समाज में उपस्थित है। इससे वैश्विक विकास, सामाजिक बदलाव और आर्थिक विकास को पाने के माध्यम के रूप में देखा जाता है। बदलते सामाजिक – आर्थिक परिवेश में जहाँ शिक्षा के नए अवसर पैदा हुए हैं वहीं कुछ नई चुनौतियां भी उजागर हुई है। समकालीन परिवेश में शिक्षा के विकास हेतु अनेक नवीन शैक्षणिक प्रयोग शैक्षणिक संस्थानों में क्रियाशील हो रहे हैं। इन संदर्भों को ध्यान में रखते हुए 1966 में कानपुर और मेरठ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1965 के अन्तर्गत स्थापित एवं यूजीसी अधिनियम की धारा 12 एफ और 2 बी के तहत अनुमोदित छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी शिक्षा के विभिन्न आयामों से जुड़कर शैक्षणिक विकास की ओर अग्रसर हैं।

योग्य शिक्षकों, विविध सांस्कृतिक गतिविधियों, प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों, बुनियादी ढांचे, अत्याधुनिक खेल सुविधाएँ, ई लर्निंग एवं ई लाइब्रेरी संसाधन एवं अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाओं के लिए यह विश्वविद्यालय राज्य के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में से एक माना जाता है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त संसाधन जैसे अकादमिक केन्द्र, प्रशासनिक भवन, केन्द्रीय मूल्यांकन भवन, आधुनिक केन्द्रीय पुस्तकालय, कम्प्यूटर केन्द्र, विश्वविद्यालय तरण ताल व स्टेडियम, प्रशिक्षण स्वास्थ्य केन्द्र, जलपानगृह, छात्रावास सुविधाएं इस विश्वविद्यालय को अध्ययन–अध्यापन के लिए सर्वोत्कृष्ट बनाती है। छात्रों के समग्र विकास हेतु विश्वविद्यालय क्रेडिट आधारित पाठ्यक्रमों का निर्माण, मूल्य वर्धन कार्यक्रमों का संचालन, उद्योग एवं शिक्षा जगत के मध्य में MoU के माध्यम से सहयोग, नवाचार कार्यक्रम एवं पूर्व छात्रों के साथ सहयोग सुनिश्चित करता है।



# शैक्षणिक उपलब्धियाँ

विश्वविद्यालय का एकमात्र उद्देश्य शिक्षा के वैश्विक मानकों, प्रौद्योगिकी–केंद्रित शिक्षा, मजबूत अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र, संस्थागत विशिष्टता और सामंजस्यपूर्ण सामाजिक विविधता में स्थायी उत्कृष्टता की दिशा में काम करना है। विश्वविद्यालय सार्वभौमिक विकास और सामाजिक परिवर्तन के लिए आवश्यक शिक्षा और कौशल का पोषण करके मानवता को प्रबुद्ध और सशक्त बनाने का प्रयास करता है। अपने विजन और मिशन को पूरा करने के लिए विश्वविद्यालय छात्रों और संकाय के बीच उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देता है।

विश्वविद्यालय में अनेक विधाओं में शिक्षण कार्य संचालित किया जाता है जिसमें मुख्यतः इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी, कानूनी अध्ययन , मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान, फार्मेसी, व्यवसाय प्रबंधन, शिक्षक शिक्षा, कृषि विज्ञान,स्वास्थ्य विज्ञान, होटल प्रबंधन, भारतीय एवं आधुनिक भाषाएँ, जीवन विज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी जैसे अनेक विषयों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रम एवं विषयों का निर्माण उद्योग एवं शिक्षा जगत की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किया जाता है जिससे सभी पाठ्यक्रम रोजगारपरक बनाए जा सकें एवं छात्रों को देश के प्रतिष्ठित उद्योगों में रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। पाठ्यक्रम और विषयों की गुणवत्ता 360 डिग्री फीडबैक प्रणाली के माध्यम से सुनिश्चित की जाती है जिसके लिए सभी प्रमुख हितधारकों से समन्वयन स्थापित किया जाता है ।

छात्रों को वास्तविक दुनिया का अनुभव प्रदान करने के लिए इंटर्नशिप की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है जिससे छात्रों का समग्र विकास संभव हो पा रहा है। सत्र 2022– 23 गत वर्षों की भाँति विश्वविद्यालय के लिए उपलब्धियों से पूर्ण रहा । गत वर्ष कौशल आधारित समाज के निर्माण हेतु सकारात्मक शैक्षणिक सुधारों का आरंभ किया गया जिससे विश्वविद्यालय सम्पूर्ण देश में सर्वाधिक गतिशील विश्वविद्यालयों में से एक बनकर उभरा। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के कई छात्रों ने नेट (यूजीसी / सीएसआईआर) / जीपीएटी / सीटीईटी जैसी परीक्षाएं उत्तीर्ण कर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय ने शोधगंगा प्लेटफार्म पर इन्टीट्यूशनल रिपॉजिटरी के माध्यम से उत्क्रष्ट शोध को बढावा देने हेतु 10131 इलेक्ट्रॉनिक थीसिस उपलब्ध कराई, जिसे सी0एस0जे0एम0यू0 ई–लाइब्रेरी ऐप के माध्यम से भी देखा जा सकता है। हाल ही मे, विश्वविद्यालय ने शोधगंगा प्लेटफॉर्म पर सबसे अधिक शोध प्रबंध उपलब्ध कराने में भारतीय विश्वविद्यालयों में 5वां स्थान और उत्तर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। जीएसवी सेंट्रल लाइब्रेरी में महामंडलेश्वर स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज द्वारा लाइब्रेरी में पवित्र पुस्तक ''श्रीमद्भगवत गीता'' रखी गई।

> इस वर्ष विश्वविद्यालय के लिए 'शिक्षा मंथन' कार्यक्रम का आयोजन महत्वपूर्ण एवं अविस्मरणीय है। दिनांक 08 एवं 09 जुलाई 2023 को उत्तर प्रदेश के समस्त राज्य विश्वविद्यालयों का संगम शिक्षा के विशिष्ट उद्धेश्यों को प्राप्त करने में सफल रहा।

विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय ने शोधगंगा प्लेटफार्म पर इन्टीट्यूशनल रिपॉजिटरी के माध्यम से उत्क्रष्ट शोध को बढावा देने हेतु 10131 इलेक्ट्रॉनिक थीसिस उपलब्ध कराई, जिसे सी0एस0जे0एम0यू0 ई–लाइब्रेरी ऐप के माध्यम से भी देखा जा सकता है। हाल ही मे, विश्वविद्यालय ने शोधगंगा प्लेटफॉर्म पर सबसे अधिक शोध प्रबंध उपलब्ध कराने में भारतीय विश्वविद्यालयों में 5वां स्थान और उत्तर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। जीएसवी सेंट्रल लाइब्रेरी में महामंडलेश्वर स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज द्वारा लाइब्रेरी में पवित्र पुस्तक ''श्रीमद्भगवत गीता'' रखी गई।



इस वर्ष विश्वविद्यालय के लिए 'शिक्षा मंथन' कार्यक्रम का आयोजन महत्वपूर्ण एवं अविस्मरणीय है। दिनांक 08 एवं 09 जुलाई 2023 को उत्तर प्रदेश के समस्त राज्य विश्वविद्यालयों का संगम शिक्षा के विशिष्ट उद्धेश्यों को प्राप्त करने में सफल रहा। इस विशाल आयोजन का प्रमुख उद्देश्य शैक्षिक गुणवत्ता को प्राप्त करने हेतु चर्चा करना तथा शैक्षिक, प्रशासनिक, नीतिगत एवं तकनीकी विषयों से संबंधित समस्याओं का समाधान खोजना था । माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति उत्तर प्रदेश, श्रीमती आनंदी बेन पटेल के मार्ग दर्शन में कार्यक्रम का भव्य शुभारम्भ हुआ।



माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति उत्तर प्रदेश, श्रीमती आनंदी बेन पटेल का 'शिक्षा मंथन' कार्यक्रम में सम्बोधन

इस कार्यक्रम में शिक्षा की गुणवत्ता के आधार पर रैंकिंग में स्थान प्राप्त करने के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश में नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं स्वास्थ्य शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न प्रयोगों पर भी चर्चा हुई जिसमें मुख्यतः अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर के प्रोफेसर कुलदीप सिंह एवं प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा श्री आलोक कुमार ने उनके द्वारा किये जा रहे प्रयासों पर संवाद किया। शिक्षा मंथन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज भवन एवं उच्च शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० के कार्यान्वयन की प्रगति एवं इसमें आ रही कठिनाइयों पर चर्चा की जिसमें अपर मुख्य सचिव, माननीय श्री राज्यपाल श्री सुधीर कुमार बोबड़े एवं डॉक्टर पंकज एल.जानी, विशेष कार्याधिकारी, शिक्षा, माननीय श्री राज्यपाल का विशेष सहयोग रहा।

शिक्षा मंथन कार्यक्रम में नैशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन एवं नैशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क, नई दिल्ली के सदस्य सचिव, डॉक्टर अनिल कुमार नासा ने एनआईआरएफ रैंकिंग के लिए आवश्यक मापदंडों पर चर्चा की, वहीं चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रोफेसर संजीत सिंह ने इस रैंकिंग के सुधार हेतु महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। क्षेत्रीय निदेशक और सीईओ, मध्य पूर्व व उत्तरी अफ्रीका एवं दक्षिण एशिया, QS रेटिंग्स दुबई के प्रोफेसर अश्विन फर्नान्डिस ने QS रैंकिंग के महत्व से उपस्थित विद्वतजनों को अवगत कराया। इसके अतिरिक्त डॉ. के. रामा, पूर्व सलाहकार, नैक ने नैक मूल्यांकन के संबंध में व्याख्यान प्रस्तुत किया।



माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति उत्तर प्रदेश, श्रीमती आनंदी बेन पटेल का 'शिक्षा मंथन' कार्यक्रम में सम्बोधन

उत्तर प्रदेश राजभवन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष डॉ. टी.जी. सीता राम, कुलपति, दिल्ली विश्वविद्यालय प्रो. योगेश सिंह, भारतीय भाषा समिति के अध्यक्ष पद्मश्री श्री चामूकृष्ण शास्त्री एवं असोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज की महासचिव डॉ. पंकज मित्तल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० से सम्बन्धित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चिंतन किया।




माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति उत्तर प्रदेश, श्रीमती आनंदी बेन पटेल के साथ 'शिक्षा मंथन' कार्यक्रम में उपस्थित आदरणीय गणमान्य

इस कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु विभिन्न उपायों पर देश के प्रख्यात शिक्षाविदों ने अपने सुझाव साझा किए एवं NIRF/ NAAC अथवा QS वर्ल्ड रैंकिंग में स्थान प्राप्त करने हेतु विशेष प्रयासों को गति प्रदान की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख पहलुओं एवं इसके लागू किए जाने में आ रही कठिनाइयों पर चर्चा की गई । इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश भर के विश्वविद्यालयों से पधारे कुलपति गण, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रीगण एवं अधिकारीगण, कुल सचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं शिक्षकों को शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार को लेकर किए जा रहे प्रयासों का आंकलन करने में सहायता मिली एवं निरंतर समीक्षा करते रहने हेतु प्रोत्साहन मिला।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२०

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन में विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित संचालन समिति ने कार्यान्वयन में आ रही समस्याओं के निवारण हेतु बैठकों का आयोजन किया एवं विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ कुछ प्रमुख बिन्दुओं जैसे सेमेस्टर प्रणाली, चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, अंतर विषय पठन पाठन, क्रेडिट बैंक की स्थापना एवं मल्टिपल एंट्री और एग्जिट प्रमुखता से चर्चा की । चर्चा करने के उपरांत विभिन्न सुझावों को छात्र हित में लागू किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप औद्योगिक एवं सामाजिक रूप से प्रासंगिक शैक्षणिक कार्यक्रमों का आरंभ किया गया, ज्ञान और बुद्धि के आदान प्रदान के लिए संगोष्ठियों का आयोजन हुआ, ख्याति प्राप्त संस्थानों से सहयोग हेतु समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये एवं रोजगार अभियानों को गति प्रदान की गई। विश्वविद्यालय के विभिन्न संस्थान नियमित रूप से नए पाठ्यक्रमों का आरंभ एवं वर्तमान पाठ्यक्रम में सुधार, शिक्षण प्रशिक्षण एवं परीक्षा सुधार की दिशा में कार्य कर रहे हैं ।

> राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक और परास्नातक स्तर पर औद्योगिक एवं सामाजिक रूप से प्रासंगिक शैक्षणिक कार्यक्रमों का आरंभ किया, और मूल्य सम्वर्धित पाठ्यक्रम संचालित किए गए।



राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन में आ रही समस्याओं के निवारण हेतु बैठक

# सत्र २०२३-२४ से प्रारम्भ किये गये नवीन पाठ्यक्रम

## Certificate Programmes

- Jyotiryavigyan six month Certificate Course
- Indian Knowledge System six month Professional Course
- Certificate course in German Language

## Diploma Programmes

- Diploma in Fashion Technology
- PG Diploma in Public Policy and Digital Humanities
- Karmkand One year Diploma
- PG Diploma in Yoga Education

## Bachelor's Programmes

- B.A (H) Philosophy
- Bachelor of Art ( Combination) Subject: Geography, Economics, Philosophy , Sociology, Psychology , any three out of five
- LLB (Honours)
- Bachelor of Performing Arts (Tabla)
- Bachelor of Performing Arts (Vocal)
- B.Sc in Combinations Physics, Chemistry, Geography
- B.Sc in Combinations Physics, Chemistry, Computer Applications
- B.Sc in Combinations Chemistry,Maths, Geography
- B.Sc in Combinations Chemistry, Mathematics, Computer Applications

## Post Graduate Programmes

- M.Tech in Computer Science and Engineering
- M.Tech in Electronics and Communication Engineering
- Master of Hotel Management and Catering Technology (MHMC)
- Master of Hospital Administration (MHA)
- M.Com
- M.Sc Agriculture ( Agronomy)
- M.Sc. Agriculture Horticulture (Fruit Science)
- M.Sc. Horticulture (Vegetable Science)
- M.Sc. Horticulture (Floriculture & Land Scaping)
- M.Sc. (Food Science & Technology)
- M.A. Clinical Psychology
- M.A. Counselling Psychology
- M.A. Sociology
- M.A. Yoga

# कौशल विकास/व्यावसायिक पाठ्यक्रम
# अनुमोदित व्यावसायिक और कौशल विकास पाठ्यक्रम

| S.N. | Vocational Courses For Campus | Course Duration |
|---|---|---|
| 1 | Fundamental Skills of Basketball | 6 Months |
| 2 | Track & Fields | 6 Months |
| 3 | Gymnastics | 6 Months |
| 4 | Management of emergency in health care | 6 Months |
| 5 | Extraction and Formulation Technologies formedicinal and aromatic plants | 6 Months |
| 6 | The Elocutionary Skills | 6 Months |
| 7 | Chemistry in Daily Life: Soap, Detergents and Household Chemicals | 6 Months |
| 8 | Introduction to Cosmetics and Perfumes Chemistry | 6 Months |
| 9 | Basic Analytical Chemistry | 6 Months |
| 10 | Mobile App Development | 2Years |



अंतर्राष्ट्रीय कॉलेजिएट प्रोग्रामिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए छात्र एवं छात्राएं

## Vocational Courses for Colleges

| | |
|---|---|
| 1. Advertising | **2.** Office Automation using MS Office |
| 3. Positive Psychology and Counselling | 4. Media Reporting and Editing |
| 5. Basics of 3D Animation | 6. Functional English |
| 7. Investment Management | 8. Laboratory Techniques in Chemistry |
| 9. Laboratory Techniques in Physics | 10. Laboratory Techniques in Life Sciences |
| 11. School Psychology | 12. Disaster Management |
| 13. Food processing and preservation | 14. Yoga and Naturopathy |
| 15. Computer Applications | 16. Footwear designing and technology |
| 17. Physical Education and Sports | 18. Srajanatmak lekhan Hindi |
| 19. German Language I | 20. German Language II |
| 21. News Reporting and Editing | 22. Dress designing and Tailoring |
| 23. Journalism and Mass Communication | 24. Office Management and Computer Application |
| 25. Nutrition and Physiotherapy | 26. Preparation of Household Cleaning Agents and Disinfectants |
| 27. Drawing and Painting | 28. Assistant Beauty Therapist |
| 29. IT enabled services and Web Technology | 30. Desktop Publishing Diploma |
| 31. Biotechnology | 32. Tourism and Travel Management |
| 33. Fashion designing | 34. Art and Design |
| 35. Mobile App Development | 36. Python Mastery |
| 37. Leadership Management | 38. Master Communication in Modern world |
| 39. Communication in Professional world | 40. Data Science using Python |



महिला शिक्षा ही वो सर्वश्रेष्ठ चंदनी है जो समाज को उज्ज्वलता और सशक्ति का आधार प्रदान करती है।

–सावित्रीबाई फुले

# विश्वविद्यालय सहयोग और एम.ओ.यू

विश्वविद्यालय ने देश के अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ शैक्षणिक सहयोग स्थापित किया है। कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक को असोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज का उपाध्यक्ष चुना गया। AIU द्वारा विश्वविद्यालयों के मध्य सांस्कृतिक, अकादमिक स्पोर्ट्स, शोध आदि क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा दिया जाता है। इस प्रकार के सहयोग से छात्रों, शिक्षकों एवं शोधकर्ताओं हेतु इंटर्नशिप, अनुसंधान भागीदारी, अल्पकालिक पाठ्यक्रमों का निर्माण, व्यावसायिक प्रशिक्षण, सहयोगात्मक सेमिनार एवं सम्मेलन के आयोजन के अवसर प्राप्त हो रहे हैं । इस वर्ष निम्नलिखित समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं ।

- ❖ आईपीआर जागरूकता और नवाचार के उद्देश्य से 19 मार्च 2023 को व्यवसाय प्रबंधन स्कूल और आईपीआर जागरूकता और नवाचार प्रोत्साहन मंच के मध्य समझौते पर हस्ताक्षर हुए।
- ❖ अनुसंधान, संयुक्त जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन, आदि के उद्देश्य से 21 अप्रैल 2023 को कानपुर प्लॉगर्स फाउंडेशन और केमिकल इंजीनियरिंग विभाग, यूआईईटी, सीएसजएम विश्वविद्यालय के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- ❖ प्लास्टिक कचरे के निस्तारण पर संयुक्त अनुसंधान के लिए, ज्ञान के आदान–प्रदान के लिए 21 अप्रैल 2023 को ईपीआर रिसाइक्लर (श्री श्याम पैकेजिंग) और केमिकल इंजीनियरिंग विभाग, यूआईईटी, सीएसजेएम विश्वविद्यालय के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- ❖ प्रशिक्षण, नवाचार प्रोत्साहन आदि के उद्देश्य से 1 मई 2023 को व्यवसाय प्रबंधन स्कूल और आईपीआर जागरूकता और Beekay Enterprises और JBG के साथ समझौते पर हस्ताक्षर हुए।
- ❖ विश्वविद्यालय के छात्रों को भारतीय भाषाओं पर शोध करने का अवसर मिलेगा। जिसके लिए 31 मई को विश्वविद्यालय और ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती लैंग्वेज यूनिवर्सिटी के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- ❖ विभिन्न जागरूकता और कार्य–उन्मुख गतिविधियों के माध्यम से जलवायु सुधारात्मक कार्यों की दिशा में एक साथ काम करने के उद्देश्य से 22 जून 2023 को एनर्जी स्वराज फाउंडेशन और सीएसजेएम विश्वविद्यालय (यूआईईटी) के बीच समझौते पर हस्ता{ार किए गए।
- ❖ पृथ्वी विज्ञान विभाग, आईआईटी कानपुर द्वारा सीएसजेएमयू परिसर का ड्रोन सर्वेक्षण और दोनों संगठनों के बीच (26–6–2023) समझौते पर हस्ता{ार किए गए।
- ❖ दुनिया के अग्रणी ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर प्रदाता रेड हैट इंक और सीएसजएम विश्वविद्यालय (यूआईईटी) के बीच 18 जुलाई 2023 को समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालय के छात्रों को गुणवत्तापर्ण शक्षणिक क्रेडिट अर्जित करने और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करने में मदद करना है।
- ❖ आईपी और टेक ट्रांसफर और व्यावसायीकरण गतिविधियों के लिए स्कूल ऑफ लाइफ साइंस एंड बायोटेक्नोलॉजी और इनोवेशन, एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर ऑर्गनाइजेशन (आई–टीटीओ), आईआईटी दिल्ली के मध्य समझौते पर हस्ताक्षर हए।
- ❖ दिनांक 8 सितंबर 2023 को स्कूल आफ साइंसेस और प्यूर्टो रिको विश्वविद्यालय, यूएसए के मध्य समझौते पर हस्ताक्षर हुए।
- ❖ दिनांक 9 सितंबर 2023 को स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस और गायत्री परिवार के बीच समझौते के अंतर्गत संयुक्त रूप से वृक्षारोपण का कार्यक्रम संस्थान में संपन्न हुआ।

# अंतर्राष्ट्रीय संबंध एवं शैक्षणिक सहयोग

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय का उद्देश्य सर्वदा ही छात्रों में वैश्विक मानकों के अनुसार योग्यता का निर्माण करना रहा है एवं आज के दौर में इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु अंतरराष्ट्रीय शिक्षण संस्थानों के साथ सहयोग उसकी प्राथमिकताओं में से एक है। इस दिशा में विश्वविद्यालय ने उल्लेखनीय गति प्राप्त की है जिससे छात्र छात्राओं हेतु नवीन संभावनाएं उपलब्ध हो रही हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में समाहित भावना के अनुरूप भारत में विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने एवं नए क्षितिज के द्वार खोलने के लिए तैयार हैं। इसके अतिरिक्त संयुक्त डिग्री कार्यक्रमों के आगमन ने भारतीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के मध्य सहयोग के एक नए युग का आरंभ किया है। अंतरराष्ट्रीयकरण के इस नए युग में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय एक ओर वर्तमान में पढ़ रहे भारतीय छात्रों को विश्व के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से जोड़ने का प्रयास कर रहा है एवं दूसरी ओर विश्वविद्यालय में चल रहे पाठ्यक्रमों को विदेशी छात्रों के लिए आकर्षक बनाने का प्रयास कर रहा है।

विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं शैक्षणिक सहयोग (आईआरएसी) सेल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहयोग की पहल को आगे बढ़ाया है । इस वर्ष अंतरराष्ट्रीयकरण की दिशा में विभिन्न गतिविधियों का आरंभ हुआ है एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता, आधुनिक शैक्षणिक प्रथाओं, अनुसंधान और नवाचार सुविधाओं के उन्नयन के साथ विश्वविद्यालय आगे बढ़ने के लिए तैयार है।

## २०२३ में एमओयू पर हस्ताक्षर

| क्र.सं. | देश | विश्वविद्यालय / संस्थान |
|---|---|---|
| 1 | रूस | पेन्जा स्टेट यूनिवर्सिटी |
| | | पेट्रोजावोडस्क स्टेट यूनिवर्सिटी |
| 2 | प्यूर्टो रिको | प्यूर्टो रिको की इंटर अमेरिकन यूनिवर्सिटी, |
| | | स्पेकलैब, प्यूर्टो रिको विश्वविद्यालय |
| 3 | नेपाल | कृषि एवं वानिकी विश्वविद्यालय |
| 4 | मलेशिया | INTI अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय |




पेट्रोजावोडस्क स्टेट यूनिवर्सिटी, रूस एवं छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के मध्य समझौता ज्ञापन

# संगोष्ठी एवं कार्यशालायें

विश्वविद्यालय शिक्षकों के व्यावसायिक विकास को एक जीवन पर्यंत गतिविधि के रूप में देखता है और इसी कारण संगोष्ठी, व्याख्यान तथा कार्यशालाएँ आयोजित करने हेतु विभिन्न संस्थानों को बढ़ावा देता है। इस वर्ष भी विभिन्न विभागों द्वारा व्यावसायिक विकास प्रदान करने के लिए आयोजित संगोष्ठी एवं कार्यशालाओं में शिक्षकों एवं छात्रों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया एवं संबंधित विषय पर चर्चा में संलग्न होकर व्यावसायिक दक्षता का विकास किया । इन कार्यशालाओं में हुए गंभीर चिंतन ने शिक्षकों को चिंतनशील, नवाचारी एवं  विषय विशेष में निपुण बनने में सहायता की है।

| संगोष्ठी एवं कार्यशालायें | तिथि |
|---|---|
| विश्वविद्यालय की शिक्षा विभाग द्वारा सूक्ष्म शिक्षण विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन | 20 मार्च, 2023 |
| विश्व कविता दिवस के अवसर पर, अंग्रेजी विभाग (भाषा स्कूल) में "Postmodernism: Critiquing the Vision of Enlightenment" and "Postcolonialism: Deconstructing Eurocen trism" पर वार्ता का आयोजन। | 21 मार्च, 2023 |
| पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में F M रेडियो की आर जे सुजाता द्वारा रेडियो प्रोग्राम की बारीकियां एवं स्क्रिप्ट लेखन पर कार्यशाला का आयोजन | 28 मार्च, 2023 |
| फाइन आर्ट विभाग में पारंपरिक लघु चित्रकला विषय पर पाँच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन हुआ | 29 मार्च, 2023 |
| भारतीय दर्शन अनुसंधान परिषद के सहयोग से समाज विज्ञान संस्थान में व्याख्यान माला का आयोजन | 31 मार्च, 2023 |
| शिक्षा विभाग में अतिथि व्याख्यान श्रृंखला के अंतरगत शिक्षण कौशल एवं पाठ योजना विषय पर व्याख्यान का आयोजन | 1 अप्रैल, 2023 |
| Unacademy के सहयोग से स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी द्वारा "EÛciting career opportunities after Engineering" विषय पर एक सेमिनार का आयोजन। | 5 अप्रैल, 2023 |
| शिक्षा विभाग में 'विश्व के प्रमुख धर्म एवं उनके संदेश' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन | 10 अप्रैल, 2023 |
| केमिकल इंजीनियरिंग विभाग, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी द्वारा 'ऌनपकंदबम वित ऌ।ज् 2024' पर एक सेमिनार का आयोजन। | 11 अप्रैल, 2023 |
| सीएसजेएम इनोवेशन फाउंडेशन के सहयोग से केमिकल इंजीनियरिंग विभाग, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी द्वारा "Role of Innovation in the Chemical Industry" पर एक सेमिनार का आयोजन। | 13 अप्रैल, 2023 |
| सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी द्वारा श्सिविल सेवा परीक्षा की तैयारीश पर एक सेमिनार का आयोजन। | 24 अप्रैल, 2023 |
| कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा रेड हैट सॉफ्टवेयर पर वक्ता श्री संजय श्रीवास्तव, प्रमुख–सार्वजनिक क्षेत्र, एशिया प्रशांत क्षेत्र, रेड हैट द्वारा कार्यशाला का आयोजन। | 26 अप्रैल, 2023 |

| | |
|---|---|
| स्कूल ऑफ एडवांस्ड एग्रीकल्चर साइंसेज में संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर एसपीएस खनूजा द्वारा विशेषज्ञ वार्ता जिसमें आईआईएमआर, हैदराबाद, आईएआरआई नई दिल्ली, आईसीएआर–अटारी, आईसीएआर–आईआईपीआर, सीएसएयूएंडटी के कई निदेशक, वैज्ञानिक और प्रोफेसर ने भाग लिया। | 4 मई, 2023 |
| स्कूल ऑफ एडवांस्ड एग्रीकल्चर साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी में प्रिसिशन एग्रीकल्चर पर 1 महीने का ऑनलाइन प्रशिक्षण | 15 मई से 13 जून, 2023 |
| हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिंदी पत्रकारिता विषय पर उत्तर प्रदेश शासन के राज्य सूचना आयुक्त श्री नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि द्वारा व्याख्यान | 30 मई, 2023 |
| स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज में यूएचवी कार्यक्रम के अंतर्गत ''आकांक्षाएं और चिंताएं'' विषय पर व्याख्यान श्री भानु प्रताप सिंह ख्समन्वयक, विश्वविद्यालय यूएचवी सेल, द्वारा दिया गया | 21 जुलाई, 2023 |
| पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में विज्ञान प्रसार के प्रधान वैज्ञानिक एण्ड फैक्ट वेरीफिकेशन ट्रेनर श्री निमिष कपूर द्वारा डिजिटल फैक्ट वेरीफिकेशन पर कार्यशाला का आयोजन। | 25 जुलाई, 2023 |
| पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में टी0वी0 पत्रकारिता की चुनौतियां और करियर विषय पर व्याख्यान का आयोजन। | 28 जुलाई, 2023 |
| स्कूल ऑफ लाइफ साइंस एंड बायोटेक्नोलॉजी में 'आईपी और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण का महत्व' पर कार्यशाला | 18 अगस्त, 2023 |
| स्कूल ऑफ क्रिएटिव एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स में ''श्रीमद्भगवत गीता श्लोक गायन प्रतियोगिता'' का आयोजन | 18 अगस्त, 2023 |
| प्रतिष्ठित नवोदित लेखक श्री शिवराम के द्वारा स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज द्वारा रचनात्मक लेखन की इच्छा रखने वाले छात्रों के लिए व्याख्यान | 19 अगस्त, 2023 |
| सीएसई विभाग द्वारा ''कैंपस से कॉर्पोरेट'' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन | 21 अगस्त, 2023 |
| अटल बिहार वाजपेयी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के छात्रों ने प्रसिद्ध मीडिया हाउस टीवी9 उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित चौपाल कार्यक्रम में भाग लिया। | 27 अगस्त, 2023 |
| गणित विभाग, स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज में श्री उज्ज्वल खंडारी वरिष्ठ तकनीकी विश्लेशक डिजिटल एड द्वारा मेपल–2023 पर कार्यशाला का आयोजन | 28 अगस्त, 2023 |
| स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज में न्यूरोडायनामिक्स पर दो दिवसीय फिजियोथेरेपी कार्यशाला का आयोजन। | 2, 3 सितंबर, 2023 |
| शिक्षक दिवस पर श्री अश्वनी उपाध्याय एवं प्रो देवब्रत गोस्वामी द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा पर व्याख्यान | 5 सितंबर, 2023 |
| स्कूल ऑफ क्रिएटिव एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स द्वारा आर्ट गैलरी में कला प्रदर्शनी ''कला चर्या'' का आयोजन। | 5 सितंबर, 2023 |

# विद्यार्थी- उपलब्धियाँ

छात्रों का आचरण और उनकी उपलब्धियां ही एक विश्वविद्यालय की पहचान होती हैं । छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय न सिर्फ अपने विद्यार्थियों की शैक्षिक समझ का विस्तार करता है अपितु उनको समग्र रूप से सक्षम बनाने का कार्य करता है। यहाँ प्रदान की गई मानसिक एवं शैक्षणिक क्षमताओं के बल पर अनेक छात्र छात्राओं ने विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया।

- 45 छात्रों ने GATE 2023 में अर्हता प्राप्त की जिसमे से तीन छात्रों को 100 से कम रैंक प्राप्त हुई।
- सीएसजेएमयू के छात्रों ने जेके मंदिर के 'जन्माष्टमी' समारोह में कथक नृत्य प्रस्तुत किया।
- पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्र दीपांशु शाहू ने यूजीसी नेट जून 2023 की परीक्षा उत्तीर्ण की।
- एलएलएम बैच 2018–2020 के छात्र श्री शिव शंकर दोहरे का उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में अंतिम चयन।
- एमएससी पर्यावरण विज्ञान और प्रौद्योगिकी के छात्रों को पोस्टर प्रस्तुति में आरएसएसी–यूपी, लखनऊ में तीसरा पुरस्कार मिला।
- केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ मे सीनियर स्टेट बॉक्सिंग (महिला) भार वर्ग 48–50 किग्रा में छत्रपति शाहूजी महाराज कानपुर विश्वविद्यालय की छात्रा मानसी शर्मा ने अद्भुत, अविस्मर्णीय प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर कानपुर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया।
- संसद भवन में 9 मई को गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर के जीवन दर्शन पर आयोजित कार्यक्रम में अपना विचार रखने पहुंची शांभवी मिश्रा, भाषा संस्थान (स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज), छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, ने अपने मंतव्य एवं विचार को बड़ी ही दृढ़ता पूर्वक रखा। शाम्भवी के इस प्रयास से न केवल भाषा संस्थान परिवार बल्कि पूरे विश्वविद्यालय परिवार को गौरव की अनुभूति हुई ।



# संकाय सदस्यों द्वारा प्राप्त सम्मान एवं उपलब्धियाँ

| सम्मान एवं उपलब्धियां का वर्णन | तिथि |
|---|---|
| यू0आई0ई0टी0 के डॉ विनोद कुमार सिंह us Solar Panel Cleaning Device पर पेटेंट प्रकाशित किया। | 29 मार्च, 2023 |
| यू0आई0ई0टी0 की डॉ0 सुरुचि सिंह को Electronic stethoscope (Design Patent) पर पेटेंट अनुदत्त हुआ, साथ ही उन्होंने Designing of IOT Camer पर पेटेंट (Indian patent No- 388609–001) प्रकाशित किया। | 12 मई, 19 जून, 2023 |
| यू0आई0ई0टी0 के डॉ आलोक कुमार us Wellness watcher: Smart Alarming Medicine Bootale पर पेटेंट प्रकाशित किया। | 16 जून, 2023 |
| स्कूल ऑफ लाइफ साइंस एण्ड बायोटेक्नोलॉजी की डॉ. द्रौपदी यादव, पाचजन्य सेवा रत्न सम्मान पुरस्कार से सम्मानित। | 30 जून, 2023 |
| स्वास्थ्य विज्ञान स्कूल के डॉक्टर प्रवीण कटियार को IMA लीडरशिप अवार्ड प्राप्त हुआ। | 1 जुलाई, 2023 |
| स्कूल ऑफ साइंसेज के डॉ. धनंजय डे को उत्कृष्ट शोध पत्र के लिए श्री गोविंद हरि सिंघानिया शोध पुरस्कार से सम्मानित | 5 सितंबर, 2023 |
| कूल ऑफ लाइफ साइंस एण्ड बायोटेक्नोलॉजी की डॉ. रंजना गौतम उत्कृष्ट शोध पत्र के लिए श्री गोविंद हरि सिंघानिया शोध पुरस्कार से सम्मानित | 5 सितंबर, 2023 |
| ट्यूबरकुलोसिस मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निःक्षय मित्र योजना के अंतर्गत योजना की नोडल अधिकारी डा0 वर्षा प्रसाद कानपुर जिले में 100 क्षय रोगियों को गोद लेने के लिए सम्मानित | 13 सितंबर, 2023 |



सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।
–स्वामी विवेकानंद

# शोध और विकास पहल

भारत में विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालय स्तर पर प्रति वर्ष अनेक शोध कार्य हो रहे हैं तथा इन शोध कार्यों के निष्कर्ष शिक्षा जगत एवं समाज के लिए उपयोगी भी सिद्ध हो रहे हैं। शोध छात्रों को अन्वेषणात्मक दृष्टिकोण प्रदान करता है एवं समाज में व्याप्त बाधाओं को पहचानने एवं समाधान खोजने में सहायक होता है। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में शोध को बढ़ावा देना हेतु विभिन्न नवीन संसाधनों का सृजन किया गया है एवं परिष्कृत उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाओं का निर्माण किया गया है। उच्च स्तरीय शोध कार्य को प्रोत्साहन देने के लिए शिक्षकों एवं शोध कर्ताओं को विशेष सहायता प्रदान करने का कार्य किया गया जिसके लिए शिक्षकों को उनके शोध कार्य के लिए वित्तीय सहायता दिए जाने की व्यवस्था की गई एवं उच्च कोटि के शोध कार्य कर रहे शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया ।

- वर्ष २०२१–२०२२ की भांति इस वर्ष २०२३–२०२४ में भी पीएचडी प्रवेश परीक्षा का सफलतापूर्वक संचालन किया गया
- विद्या वाचस्पति (Ph-D-) पाठ्यक्रम सत्र (2015–16) से लेकर आज तक शोधरत रहे समस्त शोधार्थियों की आकड़े कंप्यूटरीकृत किये जा चुके हैं तथा अब संदर्भित आकड़ों को Portal पर एक क्लिक के माध्यम से देखा जा सकता है
- विद्या वाचस्पति (Ph-D-) पाठ्यक्रम सत्र (2019–20), (2020–21) तथा (2021–22) में प्रवेशित समस्त शोधार्थियों का अंतिम परिणाम, उनके अंकपत्र तथा प्रमाणपत्र के साथ निर्गत किया गया
- विद्या वाचस्पति पाठ्यक्रम सत्र (2021–22) में प्रवेशित समस्त शोधार्थियों शोध उपाधि समिति (Research Degree Committee) की संस्तुति पत्र निर्गत किये जा चुके हैं
- शैक्षिक सत्र 2023–24, में 220 नवीन शोध पर्यवेक्षकों की सूची निर्गत की जा चुकी है
- शोध को बढ़ावा देने के लिए ह्यूमन एथिकल समिति का निर्माण किया गया
- शोध, शोधार्थियों, एवं शोध पर्यवेक्षकों को बढ़ावा देने के लिए इंसेंटिव पालिसी का निर्माण किया गया
- शोध को बढ़ावा देने के लिए नई शोध प्रयोगशालाओं का निर्माण एवं शोधार्थियों के लिए काउंसलिंग सेशन का प्रावधान किया गया ।
- नयी शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत सारे विद्या वाचस्पति कोर्स वर्क विषयों के कोड्स निर्धारण किया गया
- नयी शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के अनुक्रम में, राज्य विश्वविद्यालयों में सर्वप्रथम छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में विद्या वाचस्पति (Ph-D-) सत्र 2023–24 में प्रवेश हेतु हिन्दू अध्ययन विषय को सम्मिलित किया गया ।
- नयी शिक्षा नीति 2020 के समर्थन में, उद्योंगों एवं शैि{क संस्थानों के सबंधों (Industry-Academia Relations) को पुष्ट करने तथा व्यावसायिकता के संपोषण एवं संवर्धन हेतु, राज्य विश्वविद्यालयों में सर्वप्रथम छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में विद्या वाचस्पति (Ph-D-) सत्र 2023–24 में, CA व्यावसायियों (CA Professionals) को वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रबंधन विषय में प्रवेश हेतु अनुमति प्रदान की गयी है
- विद्या वाचस्पति (Ph-D-) के कोर्स वर्क के सभी विषयों के पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान परम्परा के सै)ांतिक परिप्रेक्ष्यों को आधार बनाया गया है तथा प्रथक रूप से, 3 क्रेडिट का पाठ्यक्रम के रूप में वैश्विक मानव मूल्यों (Universal Human Values) को सम्मिलित किया गया है
- सामाजिक सशक्तिकरण के लक्ष्य से, सिंगल गर्ल चाइल्ड (Single Girl Child), वीर शहीदों के आश्रित विद्यार्थियों (Students belongs from Martyrs Families), विशेष दिव्यांगजन छात्रों हेतु (Differentially abled Students) हेतु विद्या वाचस्पति (Ph-D-) सत्र 2023–24 से अतिरिक्त सीट्स या वरीयता देने का प्रावधान किया गया है।

- नवीन शोध पर्यवेक्षकों के लि, अभिविन्यास कार्यक्रम का प्रायोजन किया गया।
- शोधार्थियों की सुगमता के लिए शोध मित्र योजना का शुभारम्भ किया गया ।
- ग्रिएवांस रेड्रेस्सल समिति का शुभारम्भ एवं सुगमता से संचालन किया गया।
- अनुसंधान, शोधकर्ता, और अनुसंधान पर्यवेक्षक को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन नीति का निर्माण किया गया।
- साहित्यिक चोरी को रोकने के लिए साहित्यिक चोरी विरोधी नीति का निर्माण किया गया
- पीएच.डी. छात्रवृति प्रोसेस के मासिक सफल संचालन के लिए शोध छात्रों द्वारा फैलोशिप प्रबंधन निकाय का निर्माण एवं सफल संचालन किया गया
- गीता में पीएचडी के लिए प्रावधान किया गया
- इ–लाइब्रेरी ऐंप का प्रावधान थीसिस देखने के लिए किया गया
- पंडित दीन दयाल पर शोध करने वालो को थीसिस बंधन के लिए 20,000 रूपए का प्रावधान किया गया
- विश्वविद्यालय की अनुसंधान क्षमता को बढ़ाने के लिए, 17 अगस्त 2023 को सीएसजेएमयू में हर गोबिंद खुराना जीवन विज्ञान अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस सुविधा का उद्देश्य अनुसंधान हेतु बुनियादी ढांचे के साथ प्रत्येक शिक्षक के लिए व्यक्तिगत प्रयोगशाला प्रदान करना है। 8000 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल के साथ के साथ 12 अनुसंधान प्रयोगशालाएँ हैं जिनमें उन्नत वैज्ञानिक उपकरण हैं। VR प्रयोगशाला भी उपलब्ध है
- विश्वविद्यालय में 39 शिक्षकों को सी0वी0 रमन अनुसंधान योजना के अंतर्गत शोध हेतु रूपए 22,10,000/– का कुल अनुदान प्राप्त हुआ।
- विश्वविद्यालय परिसर में शिक्षकों द्वारा उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा परिषद से अनुदान प्राप्त करने हेतु शोध प्रस्ताव उपलब्ध कराये गए
- स्कूल ऑफ लाइफ साइंस एण्ड बायोटेक्नोलॉजी के डॉ0 अखिलेंद्र प्रताप भारती (DST–SERB) को रु 50 लाख एवं डॉ0 चंद्रेश शर्मा (DST–SURE) को 30 लाख रुपये का शोध अनुदान वर्ष 2023 में भारत सरकार, द्वारा स्वीकृत किया गया

| Facilities | Year of establishment |
|---|---|
| Central Instrumentation Centre | 2020 |
| Animal House | 2012 |
| Green House | 2005 |
| Museum | 2021 |
| Media laboratory/Studios | 2022 |
| Business Lab | 2021 |
| Har Gobind Khurrana Center for Life Science Research | 2023 |
| Theatre | 2006 |
| Art Gallery | 2011 |
| | |

# पीएचडी उपाधि धारकों की सूची

| Roll No | Name | Course Code | PHD Topic |
|---|---|---|---|
| 15190088 | सरिता भारती | HINDI LITERATURE | इक्कीसवीं सदी के हिन्दी उपन्यासों में बाजारवाद और युवा |
| 15190038 | प्रज्ञा | HINDI LITERATURE | शिवानी के कथा साहित्य में नारी मनोवेदना की अभिव्यक्ति |
| 15190085 | एकता | HINDI LITERATURE | आचार्य विष्णुकान्त शास्त्री के साहित्य में चिंतन के विविध आयाम |
| 15180027 | रज्जन लाल | GEOGRAPHY | कानपुर देहात जनपद में जनसँख्या का स्थानिक विश्लेषण |
| 15300025 | सुभाष चन्द्र | POLITICAL SCIENCE | महिलाओं पर राजनीतिक आधुनिकीकरण का प्रभाव रू भदोही जनपद के सन्दर्भ में |
| 15210004 | राखी कटियार | HOME SCIENCE | DIETARY HABITS OF SCHOOL GOING ADOLESCENT GIRLS AND ITS EFFECT ON THEIR HEALTH IN KANPUR DISTRICT- |
| 15070008 | अंकित कुमार कटियार | BUSINESS MANAGEMENT | AN EVALUATION OF SOCIAL MARKETING ENDEAVOUR TOWARDS TOBACCO PRODUCTS IN U-P- |
| 15330030 | मधुलिका सोनकर | SOCIOLOGY | ग्रामीण समुदाय के अनुसूचित जाति की महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं का विवेचन (सीतापुर जनपद की मिश्रिख तहसील की पासी जाति के विशेष संदर्भ में) |
| 15060016 | शीनू शंखवार | BOTANY | STUDIES ON MOLECULAR VARIABILITY IN TRICHODERMA SP-AND THEIR ANTAGONISTIC EFFECT AGAINST FUSARIUM OXYSPORUM F-SP-CAPSICI CAUSING WILT DISEASES IN CHILLI |
| 19320004 | चन्द्र किशोर | SANSKRIT | आचार्य अभिनवगुप्त के रस–सिद्धान्त विमर्श के विविध आयाम |
| 15510020 | वेदना दीक्षित | EDUCATION TRAINING | A STUDY OF ACADEMIC ACHIEEVEMENT IN RELATION TO STUDY HABITS AND ACADEMIC ACHIEVEMENT MOTIVATION |
| 15320037 | अंशुमान पाण्डेय | SANSKRIT | कल्पसूत्र परम्परा में गोभिलगृह्यसूत्र – एक अध्ययन |
| 19190060 | संजय कुमार | HINDI LITERATURE | हिंदी की पारिभाषिक शब्दावली में अवधारणामूलक शब्दों का अध्ययन – बैंकिंग एवं वित्तीय शब्दावली के विशेष संदर्भ में |
| 19190065 | विष्णुकांत गुप्ता | HINDI LITERATURE | काव्यशास्त्र का औदात्य और आचार्य भानुदत्त का शास्त्रीय अवदान |
| 8510032 | पूजा सिंह | EDUCATION | स्नातक स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों के सामाजिक–आर्थिक स्तर का उनके मानसिक स्वास्थ्य एवं शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन |
| 15320026 | दिव्या त्रिपाठी | SANSKRIT | प्रस्थानत्रयी में मानव मूल्य रू एक अध्ययन |
| 15300007 | रश्मि गुप्ता | POLITICAL SCIENCE | वर्तमान राजनीतिक प्रवृत्तियों के सन्दर्भ में डॉ0 अम्बेदकर के विचारों की समीचीनता |
| 15090007 | ब्रज मोहन | CHEMISTRY | CONDUCTOMETRIC STUDIES AN ADDITIONAL PARAMETER TO ASSESS SUGAR MAKING PROCESS |
| 15320031 | मुकेश चन्द्र | SANSKRIT | भवभूति के रूपकों में पर्यावरणीय अध्ययन |
| 19270001 | शुभम वर्मा | MUSIC | फर्रुखाबाद घराने की वादन शैली के विकास में प्रतिष्ठित कलाकारों का योगदान रू एक ऐतिहासिक अध्ययन |
| 15180018 | वृजेश कुमार | GEOGRAPHY | इलाहाबाद जनपद (उ0 प्र0) में जल–संसाधन विकास, समस्यायें एवं प्रबन्धन |
| 15170054 | आकांक्षा राजपूत | ENGLISH | COSMOPOLITAN LIBERALISM IN THE FICTION OF CHAMAN NAHAL |

# भौतिक संसाधन एवं प्रशासन

विश्वविद्यालय परिसर में उपलब्ध मूलभूत सुविधाएँ देश के विभिन्न क्षेत्रों से छात्रों को आकर्षित करती हैं एवं सुसज्जित स्मार्ट कक्षाएं , अनुसंधान हेतु नवीनतम उपकरण, डिजिटल केन्द्रीय पुस्तकालय और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ विश्वविद्यालय को देश भर में अनुकरणीय बनाती हैं।

विश्वविद्यालय में भौतिक संसाधनों का विस्तार एवं आधारभूत सुविधाओं को नियमित रूप से उच्चीकृत किया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा मूलभूत अवसंरचना का उन्नयन कर शिक्षण ज्ञान –अर्जन की प्रक्रिया को समर्थन दिया जा रहा है एवं वर्तमान में उपलब्ध सुविधाओं का विस्तार तथा उनका सुदृढ़ीकरण, आधुनिकीकरण एवं विविधीकरण किए जाने पर बल दिया जा रहा है

कई नए भवन जैसे बी0बी0ए0 एल0एल0बी0, एम0बी0ए0 भवन, टाइप 1 एवं 2 नवीन आवास, 5 विद्युत सब स्टेशन, केंद्रीय कार्यशाला आदि निर्माणाधीन हैं और कुछ भवनों जैसे प्रशासनिक भवन, सीनेट हॉल, मूल्यांकन भवन, बहुउद्देशीय हॉल, संगणक केंद्र, जलपानगृह, नवाचार प्रकोष्ठ, होटल मैनेजमेंट संस्थान, फाइन आर्ट्स भवन, पत्रकारिता संस्थान इत्यादि का विस्तार कार्य पूर्ण हो गया है।

विश्वविद्यालय डिजिटल नवाचार के माध्यम से प्रशासनिक उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। सम्बद्धता, परीक्षा, प्रवेश पंजीकरण, छात्र उपस्थिति पंजीकरण, प्रवेश पत्र आवंटन, परीक्षा परिणाम की घोषणा, नियुक्ति, अवकाश आवेदन, छात्रावास आवंटन, गैस्टहाउस बुकिंग, कैंटीन बुकिंग जैसे सभी कार्य ऑनलाइन माध्यम से किए जा रहे हैं। 1 सितम्बर, 2023 को आधिकारिक वाहन बुकिंग वेब पोर्टल का उद्घाटन किया गया। इस वर्ष छात्रों की उपस्थिति को उनके परीक्षा फार्म के साथ मैप किया गया है। विश्वविद्यालय परिसर में हाई–स्पीड इंटरनेट लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त, परिसर के प्रत्येक संस्थान को विश्वविद्यालय द्वारा कम्प्यूटरीकृत किया गया है।

प्रशासनिक सुधार सुनिश्चित करने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासनिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने हेतु अनेक नवीन प्रयोग सफलतापूर्वक किये गए हैं। प्रशासनिक कार्यों में अधिक जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने, फाइलों के त्वरित निस्तारण एवं कर्मचारियों और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन किये जाने हेतु स्थापित ई–ऑफिस के माध्यम से प्रशासनिक कार्य प्रणाली अधिक सुदृढ़ बन गई है।

विश्वविद्यालय में सभी CAS के अंतर्गत प्रमोशन कर लिए गए हैं एवं शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है । मुख्यतः अंग्रेजी विभाग, शिक्षा विभाग, सतत एवं प्रौढ़ शिक्षा विभाग, जैव प्रौद्योगिकी एवं जीवन विज्ञान विभाग में शिक्षकों की नियुक्तियां की गई है । इसके अतिरिक्त स्व वित्तपोषित पाठ्यक्रमों में शिक्षकों की नियुक्ति एवं प्रशासनिक कार्मिकों की चयन प्रक्रिया एवं पदोन्नति का कार्य भी नियमानुसार पूर्ण कर लिया गया है।

आन्तरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ (आई.क्यू.ए.सी.) का पुनर्गठन किया गया है जिससे विश्वविद्यालय में गुणवत्ता संस्कृति तथा उत्कृष्टता का सृजन हो सके। विश्वविद्यालय ने एन आई आर एफ एवं क्यू एस वर्ल्ड रैंकिंग में स्थान बनाने के लिए प्रयास आरंभ कर दिए हैं।

विश्वविद्यालय ने सौर ऊर्जा के माध्यम से परिसर में दो मेगावाट बिजली की व्यवस्था का प्रावधान कर लिया है। सौर ऊर्जा से बिजली का उत्पादन किया जाएगा जिसमें 13 विभागों में 825 किलोवाट का उत्पादन आरंभ हो गया है।इससे अभी तकरीबन 41 प्रतिशत तक बिजली के बिल में कटौती हो पा रही है एवं भविष्य में सम्पूर्ण बिजली की आपूर्ति इसी माध्यम से होगी।

# छात्र केंद्रित पाठ्यसहगामी (Co-curricular) गतिविधियाँ एवं पूर्व छात्र प्रकोष्ठ (Alumni Cell) का योगदान

## छात्र केंद्रित पाठ्य सहगामी गतिविधियाँ

विश्वविद्यालय में छात्र हित सर्वोपरी रहता है एवं छात्र केंद्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन विभिन्न विभागों द्वारा नियमित रूप से किया जाता है । इन सभी कार्यक्रमों के आयोजन में छात्र परिषद के सदस्यों का निरंतर सहयोग प्राप्त होता है जिससे उनकी कलात्मकता का पोषण होता है एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।

- ❖ 20 मार्च 2023 को यूआईईटी द्वारा (Higher Studies at IISc Bangalore) पर एक सत्र आयोजित किया गया। सेंटर फॉर नैनो साइंस एण्ड इंजीनियरिंग, आई आई एस सी बगलोर से सुश्री शुभांगी भारद्वाज इस अवसर पर वक्ता थीं। उन्होंने छात्रों को प्रवेश प्रक्रिया, प्रवेश की समय–सीमा और आई आई एस सी बैंगलोर में उच्च अध्ययन के लिए उपलब्ध विभिन्न अवसरों के बारे में जानकारी दी
- ❖ स्कूल ऑफ विजुअल एण्ड परफॉर्मिंग आर्ट के छात्रों ने स्क्रैप से विभिन्न आकृतियां बनायी। छात्रों ने विश्वविद्यालय में नवीकरण के समय निकलने वाले स्क्रैप, कंडम गाड़ियों के टायर , स्टीयरिंग, चेन, टूटे फर्नीचर, खिड़कियाँ, दरवाजे, शीशे, सरिया, वॉटर पाइप, टीन के डिब्बे और फिल्टर आदि से तरह तरह की आकृतियां बनायी जो एकदम जीवंत दिखती हैं
- ❖ अटल बिहारी बाजपेयी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज में दो दिवसीय जिला मूट कोर्ट प्रतियोगिता आयोजित की। मूट कोर्ट प्रतियोगिता का विजेता पी एस आई टी कॉलेज ऑफ लॉ बना। दिनांक 25 मार्च को अंतिम राउंड का अवलोकन उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति नीरज तिवारी द्वारा किया गया। विशेष अतिथि के रूप में श्री रोहित पांडे अधिवक्ता उच्च न्यायालय ने इस अवसर की शोभा बढ़ायी। छात्रों को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति नीरज तिवारी ने कहा कि जीवन में केवल किताबी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, व्यावसायिक दृष्टिकोण से व्यावहारिक ज्ञान भी अत्यंत आवश्यक है



छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय एल्यूमनाई एसोसिएशन द्वारा रोजगार मेले का आयोजन

- एसीएम इंटरनेशनल कॉलेजिएट प्रोग्रामिंग प्रतियोगिता, एशिया क्षेत्र, मथुरा–कानपुर साइट 8 और 9 अप्रैल 2023 को यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी), सीएसजएम यूनिवर्सिटी कानपुर में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का यह रीजनल राउंड संयुक्त रूप से जीएल विश्वविद्यालय, मथुरा और सीएसजेएम विश्वविद्यालय, कानपुर में आयोजित किया गया। फाइनल राउंड में देशभर से 49 टीमों ने हिस्सा लिया। टीमें भारत के विभिन्न प्रमुख संस्थानों जैसे आईआईटी, एनआईटी, आईआईआईटी, बीआईटी आदि से थीं। उद्‌घाटन समारोह में मुख्य भाषण नवगुरुकुल के निदेशक श्री अनुप कालबेलिया ने दिया। प्रतियोगिता की विजेता आईआईटी दिल्ली की टीम ऑडिटपास थी। प्रथम और द्वितीय उपविजेता क्रमशः आईआईटी कानपुर और आईआईटी मद्रास की टीमें थीं
- केमिकल इंजीनियरिंग विभाग, यूआईईटी द्वारा 13 अप्रैल 2023 को केमिकल इंजीनियरिंग, के चौथे वर्ष के छात्रों के लिए राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर में शैक्षिक यात्रा का आयोजन किया। छात्रों ने एनएसआई परिसर में चीनी उत्पादन संयंत्र का दौरा किया और चीनी उत्पादन की प्रक्रिया में शामिल विभिन्न चरणों और इकाई संचालन के बारे में सीखा
- केमिकल इंजीनियरिंग विभागए यूआईईटी के केमिकल इंजीनियरिंगए के तीसरे और चौथे वर्ष के छात्रों ने 18 अप्रैल 2023 को खुशबू और स्वाद विकास केंद्र का दौरा किया। सीएसजेएमयू की टीम ने एफएफडीसी के हर्बल गार्डन और प्रसंस्करण इकाइयों का दौरा किया
- मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए ALIMCO कानपुर (मिनी–रत्न केंद्रीय उद्यम) में औद्योगिक यात्रा का आयोजन किया
- 21 अप्रैल 2023 को शिक्षा विभाग द्वारा बड़ी संख्या में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सफल विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान किये गए
- केमिकल इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागों द्वारा क्रमशः 22 अप्रैल और 29 अप्रैल 2023 को आईआईटी कानपुर की जीत बिंद्रा यूनिट ऑपरेशंस एंड इनोवेशन लैब एवं ऊर्जा अनुसंधान प्रयोगशाला का भ्रमण किया
- दिनांक 29 अप्रैल को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्टूडेंट काउंसिल के इनोवेशन सेल द्वारा सिफारी( Scifari Putting the pieces together) विज्ञान कार्य मॉडल प्रदशर्नी का आयोजन दीन दयाल शोध केन्द्र में किया गया
- दिनांक 18 मई 2023 को एसएलएसबीटी छात्रों द्वारा सीडीआरआईए लखनऊ का भ्रमण किया गया
- दिनांक 23 मई 2023 को एसएलएसबीटी के छात्रों द्वारा ''राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर'' का भ्रमण किया गया। छात्रों ने इथेनॉल उत्पादन की प्रक्रिया सीखी
- भगवत गीता पर 16 अगस्त से 18 अगस्त तक कला मानविकी एवं समाज विज्ञान संस्थान ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये। संस्थान में भगवत गीता का मानव जीवन पर प्रभाव के संबंध में एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई साथ ही भगवत गीता के वर्तमान में उपयोगिता पर एक भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया निबंध और भाषण प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्राओं ने प्रतिभा किया प्रतिभागी छात्राओं ने गीता की कर गर्वित पर प्रकाश डालते हुए बताया की भारतीय समाज में गुरु शिष्य परंपरा का प्रादुर्भाव प्राचीन समय से होता रहा है भगवान श्री कृष्ण के द्वारा अर्जुन को जीवन जीने तथा जीवन की वस्तु स्थिति के विषय में अवगत कराया गया यह प्रतियोगिता प्रतियोगिता ना होकर एक बहुत बड़े स्तर पर चर्चा का बिंदु बना। भगवत गीता पर वाचन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और गीता के अद्वितीय श्लोक का वचन बहुत ही सारगर्भित तरीके से किया

- बी–टेक बीसीए और एमसीए के नव प्रवेशित छात्रों के लिए ओरिएंटेशन और इंडक्शन प्रोग्राम क्रमशः 17 जुलाई और 26 जुलाई 2023 को यूआईईटी में आयोजित किया गया। ओरिएंटेशन सत्र के बाद अगले ढाई दिनों तक यूएचवी सेल द्वारा स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम चलाया गया
- दिनांक 08 अगस्त 2023 को स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज में पिक्चर परसेप्शन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एसओएल के तत्वावधान में अंग्रेजी और हिंदी विभागों के छात्रों ने प्रतियोगिता में बड़े उत्साह से भाग लिया। 09 अगस्त 2023 को स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज में एक भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई
- विश्वविद्यालय में एंटी रैगिंग सप्ताह दिनांक 12 से 18 अगस्त 2023 तक मनाया गया। दिनांक 12 अगस्त 2023 को विश्वविद्यालय के सभागार में एंटी रैगिंग पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया, दिनांक 13 अगस्त को स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल ऑफ टीचर एजुकेशन में किया गया, दिनांक 14 अगस्त को एंटी रैगिंग के संबंध में पोस्टर एवं लोगो बनाने की प्रतियोगिता स्कूल ऑफ क्रिएटिव एवं परफॉर्मिंग आर्ट्स में आयोजित की गई एवं 16 अगस्त को एंटी रैगिंग पर वर्कशॉप एवं सेमिनार, शॉर्ट फिल्म एवं डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में आयोजित किए गए
- 18 अगस्त 2023 को स्कूल ऑफ क्रिएटिव एंड परफॉर्मिंग आर्ट ने तीज उत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसके बाद मेहंदी प्रतियोगिता और लोक गीत 'कजरी' का गायन और नृत्य प्रदर्शन हुआ
- स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने 29 अगस्त 2023 को होटल रीजेंटा का भ्रमण किया। दिनांक 29 अगस्त 2023 को मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिवस (राष्ट्रीय खेल दिवस) के अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न स्कूलों/संकायो के मध्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया

**विश्वविद्यालय में एंटी रैगिंग सप्ताह दिनांक 12 से 18 अगस्त 2023 तक मनाया गया। दिनांक 12 अगस्त 2023 को विश्वविद्यालय के सभागार में एंटी रैगिंग पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया ।**



एंटी रैगिंग ओरिएंटेशन कार्यक्रम

- विभिन्न प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के लगभग 1335 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर टग आफ वार, योगा, वालीबॉल, फुटबाल, बास्केटबाल, कबड्डी, खो–खो, बेडमिन्टन खेलो का अयोजन किया गया। खेलों का प्रारम्भ टग आफ वार (शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर वर्ग) से किया गया, जिसमें शिक्षक वर्ग विजेता रहा। वालीबॉल पुरूष वर्ग में 8 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें स्कूल ऑफ टीचर एजुकेशन 11–08–11 अंको से स्कूल ऑफ फार्मेसी को हराकर विजेता बनी एवं महिला वर्ग में भी स्कूल ऑफ टीचर एजुकेशन विजेता रहीं।
- दिनांक 04 सितंबर, 2023 (दिन सोमवार को विश्वविद्यालय में इस्कॉन के द्वारा संचालित गीता यूथ सोसायटी फॉर ट्रांसफॉरमेशन (GYST) के द्वारा यूआईईटी के लेक्चर हॉल में जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 450 से भी अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान ट्रिपल आईटी प्रयागराज से शिक्षा प्राप्त पूर्व प्रोफेसर श्रीमान हरि कृपा प्रभु जी ने अत्यंत सुंदर तरीके से जन्माष्टमी के महत्व को समझाते हुए छात्रों को यह संदेश दिया कि यदि हम सुदामा की भांति श्री कृष्ण को अपना मित्र चुनते हैं तो वे हमें जीवन की प्रत्येक परिस्थिति में सही निर्देशन प्रदान करते हुए नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।
- शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से 9 सितम्बर 2023 को क्रॉस कंट्री रेस आयोजित की गई।
- छत्रपति शाहूजी महाराज कानपुर विश्वविद्यालय परिसर में हिन्दी पखवाड़ा–(1 से 14 सितम्बर 2023) एक उत्सव के रूप में मनाया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय प्रांगण स्थित समस्त संस्थान/विभाग में चरणबद्ध रूप से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत प्रथम चरण में संस्थान/विभाग/क्लब द्वारा अपने–अपने स्तर पर वाद–प्रतिवाद, भाषण एवं स्वरचित हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रथम चरण की प्रतियोगिताओं के सफलतापूर्वक संपूर्ण होने के पश्चात, विभिन्न प्रतियोगिता में चयनित प्रथम स्थान धारक प्रतिभागी को द्वितीय चरण में विश्वविद्यालय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ।

विश्वविद्यालय परिसर में हिन्दी पखवाड़ा–(1 से 14 सितम्बर 2023) के दौरान विश्वविद्यालय प्रांगण स्थित समस्त संस्थान/विभाग में चरणबद्ध रूप से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



श्रीमद्भगवद्गीता रू जीवन प्रबंधन विषयक संगोष्ठी कार्यक्रम में उपस्थित माननीय गणमान्य

# परिसर छात्र परिषद

छात्रों को उनसे सम्बंधित विभिन्न निर्णयों में प्रतिनिधित्व प्रदान करने और विभिन्न शैक्षणिक/सामाजिक/सांस्कृतिक और अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों के सफल आयोजन में उनकी सहभागिता सुनश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय में परिसर छात्र परिषद का गठन किया गया है। इस वर्ष स्टूडेंट काउंसिल के अध्यक्ष, अन्य पदाधिकारीगण तथा कार्यकारिणी सदस्य नामित किए गए हैं। माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में स्टूडेंट काउंसिल एवं हॉस्टल काउंसिल की बैठक समय समय पर होती है जिसमें विद्यार्थी विभिन्न कार्यों के विषय में चर्चा करते हैं एवं अपने विचार रखते हैं। इसी क्रम में दिनांक पाँच मई को स्टूडेंट काउंसिल द्वारा उत्साह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ क्रीडा प्रतियोगिता के अंतरगत कैरम, चेस , बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

# छात्रावास प्रबंधन

विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों के आवास के लिए छः छात्रावास उपलब्ध हैं जिनमें से दो पुरुषरू शिवाजी (400 छात्र) और स्वर्ण जयंती (200 छात्र) छात्रावास और चार महिला रू गंगा (72 छात्र), त्रिवेणी (108 छात्र), सरस्वती (218 छात्र), और कावेरी (116 छात्र) छात्रावास हैं। छात्रावास प्रबंधन के लिए पूरी तरह से स्वचालित समाधान उपलब्ध हैं जिसमें कमरा आवंटन, मेस शुल्क भुगतान आदि शामिल हैं। विश्वविद्यालय छात्रावास में ऑनलाइन पासपोर्ट लीव पोर्टल सुविधा का शुभारम्भ किया गया । इस प्रक्रिया से छात्रावास के सभी छात्र एवं छात्राओं के अवकाश सम्बन्धी प्रार्थना पत्र का निस्तारण ऑनलाइन पोर्टल से होना आरम्भ हुए । इसके साथ ही छात्रावास में इन्टरनेट सुविधा का शुभारम्भ किया गया एवं छात्रावास में सत्र 2023–24 में छात्रों का बीमा कराया गया । 2023–24 प्रवेश की संपूर्ण प्रक्रिया का संचालन ऑनलाइन माध्यम द्वारा किया गया।



# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय छात्रावास में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए

| दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|
| 21-4-2023 | Motivation session of students for participation in blood camp |
| 24-4-2023 | Awareness session on Dengue and Chikungunya |
| 28-4-2023 | Program with ISKCON on by GYST (Gita Youth Society for Transformation) |
| 29-4-2023 | Program with Brahmakumari on concentration |
| 30-4-2023 | Medical Camp, physician and gynae, in hostels |
| 30-4-2023 | Program on 100th Episode of "Mann ki Baat" by prime Minister of India Mr. Narendra Modi |
| 9-5-2023 | MoU signing with ISKCON to establish "GEETA CLUB" |
| 21-6-2023 | Jal yoga with wardens and students |
| 25-5-2023 | Program with Brahmakumari on piece and success |
| 9-7-2-23 to 16-8-2023 | Universal Human Values workshop for hostel wardens |
| 22-7-2023 | Tree plantation in hostels |
| 22-7-2023 | Interactive sessions with university sport coaches |
| 30-7-2023 | Session on Library services and studies with deputy librarian |
| 8-802023 to 22-08-2023 | Visit by University teachers for prevention of ragging and resolving issues for students |
| 9-8-2023 to 15-8-2023 | Universal Human Values workshop for boys' and girls' hostels |
| 15-08-2023 | Tree Plantation Independence Day |
| 15-08-2023 | Poster competition in boys' hostels on Independence Day |
| 18-8-2023 | Singing competition on the occasion of "Meri Mati Mera Desh" |
| 19-8-2023 | Dance competition on the occasion of "Meri Mati Mera Desh" |
| 15-08-2023 | Rangoli competition in girls' hostels on Independence Day |
| 23-08-2023 | Chandrayaan-3 landing celebration |
| 25-8-2023 | Mehandi Competition on the occasion of "Meri Mati Mera Desh" |
| 18-8-2023 | Online Webinar on "Stop Child Sexual Abuse POCSO Act 2012" |
| 15-09-2023 | Interactive session on "Power on habits" by GYST (Gita Youth Society for Transformation) club by ISKCON |

# आँगनवाड़ी सहभागिता एवं महिला कल्याण कार्यक्रम

दिनांक 08 जून 2023 को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा आँगनवाड़ी सहभागिता कार्यक्रम वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई प्रक्षागृह में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत कानपुर जनपद की आँगनवाड़ी कार्यकर्तियों का प्रशिक्षण पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक तथा अपराह्न 2:30 बजे से मध्याह्न 5:00 बजे तक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में आँगनवाड़ी कार्यकर्तियों को खेल खेल में भाषा, आओ गणित सीखें, आओ विज्ञान करके सीखें, गीत–कहानी/शारीरिक एवं योगा का बहुत ही सरल एवं रूचिपूर्ण तरीके से प्रशिक्षण प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया। मा0 कुलाधिपति/राज्यपाल महोदया ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को देखा तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन किया। कानपुर जनपद की 69 आँगनवाड़ियों को आवश्यक सामग्री प्रदान कर सुविधा संपन्न बनाने के कार्यक्रम का उदघाटन मा0 कुलाधिपति/राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा किया गया।

विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग की शिक्षिका ने आँगनवाड़ी की सर्वेक्षण रिपोर्ट मा0 राज्यपाल महोदया के समक्ष प्रस्तुत की जिसके अनुसार  आंगनबाड़ी केन्द्रों पर उपलब्ध करायी गयी गुणवत्ता परक किट का सकारात्मक प्रभाव बच्चों एवं माता–पिता दोनों पर दृष्टिगत हो रहा है । निष्कर्ष में प्राप्त हुआ कि किट उपलब्ध कराने के पश्चात केन्द्रों में बच्चों की नामांकन संख्या में वृद्धि हुयी है, उनके सर्वांगीण विकास में वृद्धि हुयी है एवं माता–पिता में अपने बच्चों को आगँनवाडी केन्द्र भेजने एवं बच्चों को शिक्षित करने के प्रति रूचि बढ़ी है।

इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय में छात्राओं हेतु छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में लैंगिक समानता को दृष्टिगत रखते हुए महिला कल्याण एवं विकास गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जाता रहा है। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के प्रति छात्रों को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।



छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा आयोजित आँगनवाड़ी सहभागिता कार्यक्रम

# सांस्कृतिक कार्यक्रम

विश्वविद्यालय में हॉबी क्लब, 'आत्मोदय', ने विभिन्न प्रकार के शैक्षिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करके छात्रों के समग्र विकास को प्रोत्साहित किया। हॉबी क्लब में कल्चरल क्लब, कोडिंग क्लब, कुकिंग क्लब, फिटनेस क्लब, फोटोग्राफी क्लब, गार्डनिंग क्लब, लिटरेरी क्लब, रोबोट और ड्रोन क्लब सम्मिलित हैं। 8 सितंबर 2023 को, कृष्ण जन्माष्टमी पर आधारित एक जीवंत और आकर्षक कहानी और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

- ❖ 2 सितंबर 2023 को जेनरिक AI के वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों और उद्योगों को नया आकार देने की AI की क्षमता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया ।इसमें AI जनित संगीत एवं नवीन एल्गोरिदम और धुनों के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण को समझाया गया
- ❖ 9 अगस्त 2023 को कारवां 2K23 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 80 के दशक की धुनों से प्रेरित गायन प्रस्तुतियां, 90 के दशक की मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां, कविता पाठ, रेट्रो वाक एवं नाटक प्रस्तुत किये गये
- ❖ 20 मार्च, 2023 से 25 मार्च, 2023 तक आयोजित गीक वीक प्रतियोगिता में 6 मुख्य तकनीकी कार्यक्रम थे, जिनके नाम टेक व्हिज, कोड वारज, वेब देव सेट, रिबूटल, हैक एन हंट और एक्सपर्ट कनेक्ट थे
- ❖ 24 मार्च 2023 को आयोजित कंप्यूटर विज्ञान पर आधारित खजाने की खोज प्रतियोगिता हैक एन हंट में कुल 80 प्रतियोगी थे जो 10–10 सदस्यों की 8 टीमों में विभाजित थे। पहेलियों में गणितीय और क्रिप्टोग्राफिक चुनौतियाँ शामिल थीं, और टीम 'बॉस इन–चार्ज' विजेता बनकर उभरी, जिसने 1500 रुपये का नकद पुरस्कार प्राप्त किया







छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम

| S.No | Events | Description |
|---|---|---|
| 1- | **Geek Week**<br>**Day 1-** | Different Technical Events conducted like<br>**Technical Quiz**<br>Typing Competition Web -Dev set<br>Robo- War. |
| 2- | **Events conducted in Dikshant Samaroh.** | Events:<br>**Lok-Nritya**<br>**Desh Bhakti Geet Competition.**<br>**Chitrakala Competition.** |
| 3- | **Google I/O Extended** | |
| 4- | **Carvaan-2k23**<br>**Description:** On August 9$^{th}$,2023, "The University Hobby Club Council" orchestrated the event "Carvaan-2k23" at Chhatrapati Shahuji Maharaj University. This captivating affair unfolded within the premises of UIET lecture Hall -1, commenced at 1:00 PM and culminated at 5:00 PM **.** | Cultural and Literary Events:<br>**Theme**: Retro<br>**Dance Competition.**<br>**Singining Competition.**<br>**Poetry Competition.**<br>**Ramp Walk Competition** . |
| 5- | **Techno Talk – Generative AI an Artistry** | What is an AI and it's uses in a real world?<br>What **are chat – GPT, BARD & GEMINI** and how it came into existence.<br>Is **GENERATIVE AI a part of AI**.<br>And at last what are the future aspects of **AI** and **GENERATIVE AI** . |
| 6- | **Janmashtami Mahotsav**<br>**Description:** On 8, September 2023, a vibrant and engaging competition themed around Krishna Janmashtami was held at Seminar Hall UIET 4, bringing together 26 enthusiastic participants. This event was a celebration of the joyous festival and showcased the talents and knowledge of the students at UIET-4. | **Events:**<br><br>**Story Telling.**<br>**Quiz Competition.** |
| 7 | **Aatmoday's Anniversary Program**<br>**Upcoming Event** | **Cultural Events.**<br>**Technical Events.**<br>**Literary Events.**<br>**Photography Events.**<br>**Gardening Events.**<br>**Cooking Events.** |

क्लब ने छात्रों के लिए लोक नृत्य एवं भक्ति गीत प्रतियोगिता, वृक्षारोपण कार्यक्रम, रणभूमि वाद–विवाद प्रतियोगिता, क्लाउड कंप्यूटिंग पर व्याख्यान, पेंटिंग प्रतियोगिता, फोटोग्राफी कार्यशाला और बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया विश्वविद्यालय के संगीत विभाग द्वारा भी वर्ष 2023 में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के अनेक छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।

❖ जिला प्रशासन कानपुर के सहयोग से संस्कृति विभाग, पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश एवं छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के संयुक्त तत्वाधान में 27 एवं 28 मार्च 2023 को रामायण कॉन्क्लेव आयोजित हुआ। कॉन्क्लेव का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। शोभा यात्रा विश्वविद्यालय परिसर स्थित विश्वेश्वर मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर कार्यक्रम स्थल यू0 आई0 ई0 टी0 सभागार तक पहुंची। शोभा यात्रा का शुभारंभ कुलपति प्रो0 विनय पाठक एवं आयुर्वेदाचार्य डॉ0 वंदना पाठक ने ध्वज फहराकर एवं भगवान सीता राम की पूजा अर्चना के साथ किया। शोभा यात्रा बहुत ही भव्य रूप में शोभायमान थी। यात्रा में राम दरबार भव्य रथ पर विराजमान था एवं सैकड़ों की संख्या में शिक्षक–शिक्षिकाएं, छात्र–छात्राएं हाथों में राम पताका लिए हुए ''जय श्री राम'' के नारों से वातावरण को गुंजायमान किए हुए थे। भक्तगण भजनों पर नृत्य करते हुए झूम रहे थे एवं पुष्प वर्षा कर रहे थे। शोभायात्रा में सीता राम स्वरूप प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतियोगी राम सीता, हनुमान, लक्ष्मण का स्वरूप धारण कर शोभा यात्रा को सुशोभित कर रहे थे। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष माननीय श्री सतीश महाना ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जगतगुरु श्री रामभद्राचार्य जी ने ऑन लाइन मोड पर कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपने उद्बोधन एवं आशीर्वचनों से सभी को कृतार्थ किया।
❖ दिनांक 25 एवं 26 फरवरी 2023 को वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम MSME एक्सपो 2023 में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति
❖ एक मई से 8 मई 2023 तक लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान के सहयोग से मूल्य वर्धन पाठ्यक्रम का आयोजन
❖ दिनांक 25 मई 2023 को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय एवं भातखंडे विश्वविद्यालय के मध्य समझौते पर हस्ताक्षर
❖ दिनांक 27 मई 2023को विश्वविद्यालय एवं हमीरपुर की रिदम डान्स अकेडमी के मध्य समझौते पर हस्ताक्षर
❖ 22 जून 2023 को योगोत्सव कार्यक्रम के अंतरगत कथक योग का आयोजन
❖ 21 से 28 जून 2023 तक उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी एवं छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के संयुक्त तत्वाधान में कथक एवं गायन कार्यशाला
❖ 28 जून 2023 उत्तर प्रदेश को संगीत नाटक अकादमी एवं छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के मध्य शैक्षिक सांस्कृतिक समझौते पर हस्ताक्षर
❖ 10 से 17 जुलाई 2023 लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान के सहयोग से राष्ट्रीय संगीत कार्यशाला
❖ 20 अगस्त 2023 को श्रीमद्भागवद गीता जयंती आयोजन समिति कानपुर के सहयोग से श्रीमद्भागवद गीता जीवन प्रबंधन विषयक संगोष्ठी का आयोजन
❖ सात सितंबर 2023 जन्माष्टमी पर्व पर इस्कॉन कानपुर में नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं की सहभागिता
❖ छह सितंबर 2023 को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर दास्तानें मुकेश कार्यक्रम का आयोजन
❖ 11 सितंबर 2023 को जन्माष्टमी पर्व पर जे के मंदिर कानपुर में जन्माष्टमी उत्सव में छात्र छात्राओं की सहभागिता

# खेल गतिविधियाँ

विश्वविद्यालय में इस वर्ष नई खेल परिषद की स्थापना की गई एवं खेल नीति को मंजूरी दी गई। यह भी निर्णय हुआ कि सभी विषयों में खेल कोटा के अंतरगत प्रवेश अनुमन्य होगा । इसके साथ ही छात्रावास एवं अन्य सुविधाएँ देने का प्रस्ताव भी पारित हुआ । खेल कूद के संबंध में खिलाड़ियों को उपकरण एवं अन्य सहायता प्रदान करने हेतु वित्तीय सहायता का भी प्रावधान किया गया । विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम का निर्माण भी प्रस्तावित है। नि शुल्क कोचिंग एवं प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना की जाएगी ।इस उद्देश्य से 11 खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति भी की गई ।

विश्वविद्यालय में विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित की गईं जिसमें महाविद्यालयों, स्कूलों एवं विश्वविद्यालय परिसर के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया । इसके अतिरिक्त इंटर स्कूल एवं इंटर हॉस्टल खेल गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। विश्वविद्यालय में छात्र छात्राओं ने 53 खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया।

इस वर्ष विश्वविद्यालय के लिए एक प्रमुख आकर्षण का केन्द्र खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023 की मशाल का विश्वविद्यालय में स्वागत रहा। मशाल का भव्य स्वागत कमिश्नर डॉ. राजशेखर, कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्राओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के बहुउददेशीय हाल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के लिए यह गौरव का विषय था।

## छात्र जागरुकता कार्यक्रम

| जागरुकता कार्यक्रम | तिथि |
|---|---|
| क्षय दिवस पर विश्वविद्यालय में गोष्ठी एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया | 24 मार्च, 2023 |
